कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 322, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 18 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

किसी और देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने का इरादा नहीं रखते, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है: राजनाथ सिंह

'जवानों ने पराक्रम को साबित किया'

नई दिल्ली: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फेडरेशन ऑफ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 95वें वार्षिक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान कहा कि, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। राजनाथ ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने संबोधन के दौरान देश को पांच संकल्पों के बारे में बताया था, जो भारत को सुपर पावर बनाने के लिए आवश्यक हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि, ये नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या किसी और देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि, गलवान हो या तवांग, हमारे रक्षा बलों ने अपनी वीरता और पराक्रम को साबित किया है।

पीएम ने की थी पांच संकल्पों की बात: राजनाथ सिंह ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने 'पंच प्रण' यानी पांच संकल्पों की बात की थी जिनमें पहला-विकसित भारत का निर्माण, दूसरा-गुलामी की हर सोच से मुक्ति, तीसरा-विरासत पर गर्व, चौथा-एकता और एकजुटता और पांचवा-नागरिकों द्वारा कर्तव्य पालन, ये 5 बातें शामिल हैं। इनमें से सबसे पहले संकल्प को पूरा किए बिना भारत विश्व की महाशक्ति नहीं बन सकता।

दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है भारत:
रक्षा मंत्री ने कहा कि, हम दुनिया के कल्याण के लिए काम करने के लिए एक महाशक्ति बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, 1949 में चीन की जीडीपी भारत की तुलना में कम थी। 1980 तक भारत शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में भी नहीं था। 2014 में भारत विश्व अर्थव्यवस्थाओं में 9वें स्थान पर था। आज भारत 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब है और दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

विश्व कल्याण के लिए सुपर पावर बनने की मंशा: रक्षा मंत्री ने कहा कि हम विश्व कल्याण के लिए महाशक्ति बनना चाहते हैं। सिंह ने कहा कि यह नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या हम किसी दूसरे की एक इंच जमीन पर भी कब्जा करना चाहते हैं। हम भारतीय संस्कृति में विश्वास करते हैं। 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश भारत ने पूरे विश्व की एकजुटता के लिए दिया है। भारत 2013 के पूर्व तक छाई निराशा से पूरी तरह उबर चुका है। आज भारत विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभरा है।

चीन-पाक की भाषा बोलते हैं राहुल: नड्डा

नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चीन और भारतीय सैनिकों की हालिया झड़प पर दिए बयान की कड़ी निंदा की है और कहा कि वे चीन और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। एक वीडियो संदेश में जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान सेना का मनोबल गिराने वाला है। इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम होगी। भारतीय सेना साहस और वीरता की प्रतीक है। जेपी नड्डा ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से मिली मदद और राहुल के डोकलाम झड़प के दौरान चीनी राजनयिकों से मुलाकात का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौता किया हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा पर भी सवाल उठाए थे। यह भारत की भाषा नहीं है यह वैसी ही भाषा है जैसी पाकिस्तान बोलता है। वह इस तरह के बयान की निंदा करते हैं। यह राहुल गांधी की देश के प्रति मानसिकता दिखाता है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कल जयपुर में कहा था कि चीन भारत के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है और भारत सरकार खतरे की अनदेखी कर सो रही है। चीन भारत की सीमा के अंदर घुस रहा है और अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहा है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तत्काल प्रभाव से राहुल गांधी को उनके बयान के लिए पार्टी से निकाल देना चाहिए।

चीनी कंपनियों ने दिया पीएम केयर्स फंड में चंदा: अधीर रंजन



नई दिल्ली: लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले आठ वर्षों में एक बार भी मीडिया के सामने नहीं आए। जबकि राहुल गांधी पूरी दुनिया में जाते हैं और जनता से सीधा संवाद करते हैं। यह साबित करता है कि कौन परिपक्व है और कौन नहीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हवाई यात्रा करना पसंद करते हैं जबकि राहुल गांधी देश को एकजुट करने के लिए पैदल चलते हैं। भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर कांग्रेस सांसद अधीर ने कहा कि अगर विपक्ष सरकार को किसी मुद्दे से अवगत कराता है तो इसमें दिक्कत क्या है, सरकार को बुरा क्यों लगता है? 'राजीव गांधी फाउंडेशन' को चीन से चंदा मिलने के भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वे राजीव गांधी फाउंडेशन के बारे में पूछ रहे हैं। उनके (भाजपा) के पास ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स है, लेकिन फिर भी कोई यह पता नहीं लगा पाया है कि कितना पैसा दान किया गया है? उन्होंने आरोप लगाया कि कई चीनी कंपनियों ने भारत में कारोबार करने के लिए पीएम केयर्स फंड में चंदा दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा नेताओं को चुनौती देता हूं कि वे बताएं कि कितनी चीनी कंपनियों ने पीएम केयर्स फंड में चंदा दिया है। उन्होंने कहा कि गलवां की घटना के बाद हमें चीनी व्यापार से दूर हो जाना चाहिए था, लेकिन वास्तव में उनसे हमारा आयात बढ़ गया है। मैं कहता हूं कि एक नहीं बल्कि कई चीनी हैं। इन कंपनियों ने भारत में व्यापार करने के लिए पीएम केयर्स फंड में चंदा दिया है।

पूर्वी क्षेत्र से खत्म हुआ नक्सलवाद: शाह

शाह ने 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की

कोलकाता: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्रियों से जी-20 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का आग्रह किया। कोलकाता, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अगले एक वर्ष के दौरान उनके राज्यों में आयोजित होने वाले जी-20 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, अमित शाह ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद या नक्सलवाद लगभग समाप्त हो गया है। इस पर इस निर्णायक प्रभुत्व को बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। यह इन राज्यों में फिर से उभरना नहीं चाहिए। यहां देश के अन्य हिस्सों के बराबर विकास होना चाहिए।

'ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत': केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर एनसीओआरडी प्रणाली का निर्माण सुनिश्चित करें और नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के लिए इसकी नियमित बैठक करें। आज देश में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है और एआई के जरिए ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत है।

जीएसटी परिषद: किसी सामान पर नहीं बढ़ा टैक्स

नई दिल्ली: माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नीति-निर्धारक इकाई जीएसटी परिषद की शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई 48वीं बैठक में कई अहम फैसले हुए हैं। किसी भी सामान पर टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि किसी भी सामान पर टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। जीएसटी परिषद समय की कमी के कारण तंबाकू और गुटखा पर कराधान पर चर्चा नहीं कर सकी। बैठक के बाद राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी परिषद कुछ अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने पर सहमति जताई है। इसके साथ अभियोजन शुरू करने के लिए मौद्रिक सीमा को दोगुना कर दो करोड़ रुपये कर दिया गया है। राजस्व सचिव ने बताया कि दालों की भूसी पर जीएसटी की दर 5 फीसदी से घटाकर शून्य कर दी गई है। इससे इज ऑफ डूइंग बिजनेस में सहायता मिल सकती है। बैठक में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन विधेयक पर 2 जनवरी तक दे सकते हैं सुझाव

नई दिल्ली: इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मसौदा डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटक्शन विधेयक पर सुझावों को प्राप्त करने की अंतिम समय सीमा को अगले साल 2 जनवरी तक बढ़ा दिया है। एक आधिकारिक नोटिस के अनुसार कई हितधारकों से जवाब देने संबंधी मिले सुझावों के चलते मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि विधेयक पर सुझाव प्राप्त करने की अंतिम समय सीमा 2 जनवरी, 2023 होगी। प्रस्तावित डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन विधेयक-2022 के तहत सरकार ने प्रावधानों का उल्लंघन करने।

'समाज को आगे बढ़ने के लिए अनुसंधान और नवाचार जरूरी'

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हैदराबाद स्थित जीनोम वैली में आईसीएमआर-एनएआरएफबीआर (जैव चिकित्सा अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय पशु संसाधन सुविधा) का उद्घाटन किया। इस मौके पर मनसुख मांडविया ने कहा कि 21वीं सदी में भारत को जैव चिकित्सा अनुसंधान में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनाने में आईसीएमआर-एनएआरएफबीआर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को आगे बढ़ने के लिए अनुसंधान और नवाचार एक महत्वपूर्ण पहलू हैं।

भारत ने स्वदेशी अनुसंधान को बढ़ावा दिया है और जिसका लाभ मिल रहा है। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारतीय रचनात्मक क्षेत्रों में सबसे आगे रहे हैं, चाहे वह अनुसंधान संस्थान, प्रौद्योगिकी, या फार्मा कंपनियां हों। आज दुनिया में बन रहे चार दवाओं में से एक भारत में बना है। भारत को न केवल दवा निर्माण के लिए बल्कि फार्मा अनुसंधान के लिए भी हब बनाना हैं। इसके लिए नैदानिक परीक्षणों के लिए मजबूत प्रक्रियाएं बनाने की जरूरत है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक राष्ट्र के रूप में जापान अपनी सक्रियता बढ़ाएगा

भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाएगा जापान

टोक्यो: चीन का मुकाबला करने के लिए जापान ने भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। इस संबंध में जापान ने शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा नीति जारी की है, जिसमें कहा गया है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक राष्ट्र के रूप में जापान अपनी सक्रियता बढ़ाएगा। हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के कारण जापान और चीन के बीच रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ क्वॉड देशों में जापान के शामिल होने के बाद चीन और जापान के रिश्ते और खराब हुए हैं। हाल ही में ताइवान को लेकर भी चीन और जापान के बीच विरोध सामने आए हैं। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने ताइवान में चीनी हस्तक्षेप को लेकर चिंता व्यक्त की थी, तब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस पर आपत्ति दर्ज की थी। जिनपिंग ने ताइवान प्रकरण को चीन का आंतरिक मामला बताकर कहा था कि इसमें चीन किसी का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करेगा। चीन के साथ तनाव के इस दौर में जापान ने भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने का फैसला किया है। शनिवार को जापान ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति जारी की।

इस नीति में जापान की ओर से साफ कहा गया है कि वह अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व भारत के साथ शुरू हुई क्वॉड साझेदारी जैसे प्रयासों के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों के साथ सहयोग को और मजबूत करेगा।

शिंदे सरकार-राज्यपाल के खिलाफ एमवीए का हल्लाबोल

मुंबई: महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के खिलाफ महाविकास अघाड़ी ने हल्लाबोल दिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज पर राज्यपाल कोश्यारी के विवादित बयान के खिलाफ एमवीए के बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राकांपा नेता अजित पवार ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। दरअसल, पिछले महीने राज्यपाल कोश्यारी ने एक सार्वजनिक समारोह में मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज को पुराने समय का आदर्श करार देकर विवाद खड़ा कर दिया था। महाराष्ट्र में विपक्षी दलों शिवसेना(उद्धव गुट), कांग्रेस और राकांपा की ओर से विरोध मार्च का एलान किया गया था। एमवीए के नेताओं का कहना है कि शिवाजी महाराज और महात्मा ज्योतिबा फुले जैसी शख्सियतों के अपमान, कर्नाटक की सीमा से लगे क्षेत्रों में मराठी भाषियों के साथ अत्याचारह्न और औद्योगिक परियोजनाओं के राज्य से बाहर होने के खिलाफ मुंबई में प्रदर्शन किया जा रहा है।

नगर निकाय चुनाव : सरकार की उपलब्धियां बनीं भाजपा की ताकत

गोरखपुर: उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका और 545 नगर पंचायतों में चुनाव होने वाले हैं। इसकी तैयारियां सभी दलों ने शुरू कर दी हैं। इस दौरान हुए सरकारी प्रयासों यानी विकास कार्यों के भी नफा-नुकसान के आकलन शुरू हैं। शहरी क्षेत्रों में इसे लेकर कयास का दौर चल रहा है। इसके बावजूद योगी सरकार की उपलब्धियों को भाजपा कार्यकर्ता अपनी उपलब्धि बताने से नहीं हिचक रहे। आवास, शौचालय, स्वच्छता, परिवहन, स्वनिधि जैसी योजनाएं योगी सरकार ने लागू की हैं। इन योजनाओं को भुनाने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जुटी है। सरकार के ऐसे कार्यों को भाजपा अपनी ताकत बताने में कोई गुरेज नहीं कर रही है। स्मार्ट सिटी, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से शहरियों की जिंदगी और बेहतर करने का दावा भी कर रही है। योगी सरकार के कार्यों को भाजपा निकाय चुनाव में अपनी ताकत बता रही है।

बीते लगभग साढ़े पांच साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं की झड़ी लगी है। पार्टी इसे जनता के सामने पूरे आत्मविश्वास के साथ रख रही है। गरीबों को पक्का आवास, हर घर शौचालय, शहरों का सौंदर्यीकरण, आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और बिजली आपूर्ति के अलावा स्ट्रीट लाइट से लेकर सड़क, सीवर और सुदृढ़ कानून व्यवस्था तक के क्षेत्र में परिवर्तन आया है। हमें नगर निकाय चुनाव में इसका लाभ मिलना तय है।

खुले में शौच से मुक्त है यूपी: प्रेमचंद्र मिश्र कहते हैं कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत अब तक 2 करोड़ 61 लाख शौचालय का निर्माण हुआ है। यह पूरे प्रदेश के शहरी क्षेत्र का आंकड़ा है। इससे 10 करोड़ से अधिक शहरी लाभान्वित हुए है। पूरा प्रदेश खुले में शौच से मुक्त घोषित किया जा चुका है। आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए वह कहते हैं कि नगरीय क्षेत्र में अब तक 8 लाख 99 हजार 634 व्यक्तिगत एवं 69 हजार 381 स्वास्थ्य और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण हुआ है।

सुरक्षा क्षेत्र में ट्रेंड लोगों की कमी को पूरा कर सकता है निजी सुरक्षा क्षेत्र : सिंह

नई दिल्ली। पूर्व थल सेना अध्यक्ष और केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने कहा कि सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है। इसे निजी सुरक्षा क्षेत्र के प्रशिक्षित लोग पूरा कर सकते हैं। सिंह ने शनिवार को निजी सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिनिधि संस्था कापसी के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह सर्वविदित है कि एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक ट्रेंड सुरक्षाकर्मियों की कमी है। इसे पूरा करने के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके साथ ही यह भी तय करना होगा कि निजी सुरक्षा एजेंसीयां उस मानक को पूरा करती हों जिसके आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा का दायित्व दिया जा सके। जनरल वीके सिंह ने कहा कि निजी सुरक्षा एजेंसियों को नजरअंदाज करना आज के समय में मुश्किल है। इसकी वजह यह है कि आवासीय परिसर से लेकर औद्योगिक स्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर निजी सुरक्षा एजेंसी ही सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर बेहतर प्रशिक्षण के आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा क्षेत्र में आए गैप को भरने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं लेकिन इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों को अप टू डेट बनना होगा। उन्हें विभिन्न तरह की तकनीक सीखनी होगी।

टूर पर जा रही छात्र-छात्राओं से भरी बस पलटी, 2 छात्रों की मौत, 25 घायल

अनुराग तीन बहनों में एकलौता भाई था

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूल की तरफ से इन बच्चों को प्रयागराज के आनंद भवन और प्रतापगढ़ के मनगढ़ जाना था। लेकिन रास्ते में ही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अंकित और अनुराग की हादसे में मौत हो गई। अनुराग तीन बहनों में एकलौता भाई था। उसके पिता मानदार ऑटो चालक हैं। अनुराग और उसकी बहन अनु दोनों बस में सवार थे।मां संजू देवी और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने बताया, अनुराग प्रयागराज में घूमने जाने की जिद करके घर से साइकिल से निकला था। स्कूल गया और वहां से बस में सवार हो कर जा रहा था। वहीं, दूसरा मृतक छात्र अंकित घोरहा, सुरेरी गांव का निवासी था। वह दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था।इसके अलावा टीचर राधिका मौर्या भी घायल हो गई हैं। इनके मां बाप नहीं हैं। वह बस में सवार थीं। राधिका ने बताया कि बच्चों को लेकर वह बस में सवार थीं। तभी अचानक यह हादसा हो गया। यह अस्पताल में पानी-पानी के लिए पुकारती रहीं, लेकिन कोई नहीं सुना।प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं चीखने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचा। देखा तो बच्चों से भरी बस पलटी थी। वो चिल्ला रहे थे। देखते-देखते आस-पास के लोग मौके पर आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। हम लोगों ने बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकला। हम लोगों ने मिलकर बस को किसी तरह से सीधा किया। हादसे के बाद बच्चे डरे-सहमे दिखाई दिए।

अखंड भारत संदेश

सैदाबाद प्रयागराज। हंडिया तहसील अंतर्गत सैदाबाद क्षेत्र के भेस्की में शनिवार सुबह स्कूली छात्रों से भरी बस एक बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें बस में बैठे 2 छात्रों की मौत हो गई तथा कई छात्र घायल हो गए । बताते चलें कि जौनपुर से बच्चों को टूर पर लेकर आ रही तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई। 25 से ज्यादा बच्चे घायल हैं। हादसे के बाद आस-पास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। उन्होंने बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। तुरंत घायल बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में 50 लोगों के बैठने की क्षमता थी, लेकिन 83 सवार थे।

कांति देवी पब्लिक स्कूल के थे बच्चे

हादसा हंडिया तहसील में हुआ है। बस जौनपुर के परमलपुर में कांति देवी पब्लिक स्कूल की है। शनिवार को स्कूल के बच्चे टूर पर प्रयागराज आ रहे थे। बस में करीब 83 लोग सवार थे, जिसमें 40 छात्र और 35 छात्राएं और 8 स्कूल की स्टाफ थीं।सुबह 10 बजे हाईवे पर सैदाबाद के भेस्की गांव के पास अचानक बस के सामने बाइक सवार आ गया।

उसे बचाने के लिए ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस की स्पीड ज्यादा थी, ऐसे में ब्रेक लगाते ही बस पलट गई। हादसे में बस के शीशे टूट गए।पुलिस ने बताया कि बस में कुल 83 लोग सवार थे। इसमें इसमें 75 छात्र छात्राएं, आठ स्कूल के स्टाफ शामिल थे। 25 बच्चे घायल हुए जिनमें दो की मौत हो गई। तीन की अभी हालत गंभीर बनी हुई है। इसमें आठ बच्चे एक ही गांव परमालपुर के रहने वाले हैं।काजल गुप्ता, काजल गौतम, रिया सिंह, युवराज सिंह, गुड्?डी यादव, अभय गौड़, शाहिल अली और सलिल यह सभी एक साथ ट्यूशन पढ़ते थे। गांव के ही अयूब नाम के शिक्षक कांति देवी स्कूल में पढ़ाते हैं। उन्होंने इन 8 बच्चों से टूर पर चलने के लिए कहा था। सब बच्चों से पांच पांच सौ रुपए लिए गए थे।

इलाज के दौरान 6 वर्षीय बच्चे की मौत परिजनों ने किया गया हंगामा

अखंड भारत संदेश

सहसों। सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत सहसों स्थित एक अस्पताल में शनिवार की रात लगभग 8 बजे इलाज कराने गए एक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी फूलपुर सहित सरायइनायत, व सहसों पुलिस चौकी की पुलिस पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के ललचहां गांव निवासी अविनाश सिंह जोकि सहसों ब्लॉक में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हैं। उनका छह वर्षीय पुत्र अनुभव शनिवार शाम को बीमार हो गया। परिजन उसे लेकर सहसों स्थित एक अस्पताल में पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि बच्चे का गलत इलाज करने से मौत हो गई। काफी देर तक परिजनों सहित आसपास के लोगों ने अस्पताल के सामने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी फूलपुर, थाना सरायइनायत व सहसों पुलिस चौकी के सिपाही परिजनों को शांत कराते हुए मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों का कहना है कि संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाए एवं अस्पताल को बंद कराया जाए ताकि किसी और परिजनों के साथ ऐसा ना हो सके।

सुदामा चरित्र वर्णन सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

धनूपुर। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या कथा व्यास आचार्य अवनीश भाई के मुखारवृंद से धारूपुर में उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार,अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। कथा व्यास ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया सात दिनों तक इस कथा में पूरा क्षेत्र वातावरण भक्तिमय रहा।कथा के मुख्य यजमान श्याम कमल पांडेय ने आरती किया पंकज पांडेय, संजीव पांडेय द्वारा कथा में उपस्थित श्रोताओं में प्रसाद वितरण कराया गया। इस दौरान मनोज पांडेय, राहुल पांडेय, मनीष शुक्ला, चंद्रकांत पांडेय प्रधान चक्रसुदर्शन, अभिनव पांडेय, अशोक पांडेय आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शुआट्स का क्रिसमस जलसा

अखंड भारत संदेश

नैनी, प्रयागराज। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) का भव्य क्रिसमस जलसा यीशु दरबार चर्च प्रांगण में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया जिसमें परमेश्वर के वचन, प्रार्थना, आराधना, मसीही भजन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक की प्रस्तुति हुई। शुरूआत प्रार्थना विश्वविद्यालय के चैपलिन रेव्ह. लालचुंग गैंगटे ने की।शुआट्स कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने कहा कि क्रिसमस समस्त संसार के लिये आनन्द का समचार है जिसे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा प्रदर्शित किया। प्रभु यीशु मसीह ने पापी लोगों को भी मुक्ति का मार्ग दिखाया। हम सभी को प्रभु यीशु मसीह के बताये सत्य के मार्ग पर चलना चाहिये और एक-दूसरे के साथ प्रेम, शान्ति, भाईचारे के साथ रहना चाहिये। कुलाधिपति, कुलपति व अन्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर एवं सफेद कबूतर आजाद कर खुशी एवं शान्ति का संदेश दिया। क्रिसमस फादर ने भी बच्चों का मनोरंजन किया। शुआट्स कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने परमेश्वर की प्रार्थना की एवं सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होनें कहा कि परमेश्वर की संतान होने का अधिकार प्राप्त करने के लिये आपको प्रभु यीशु मसीह को अपना उद्धारकर्ता के रूप में अपनाना होगा जिसके उपरान्त आप जगत की ज्योति बन जायेंगे। इस पृथ्वी को परमेश्वर ने मनुष्य के लिये बनाया है और मनुष्य को पृथ्वी पर रहने का अधिकार दिया।

बिशप लाल ने कहा कि परमेश्वर की इच्छा है कि सभी मनुष्य जगत की ज्योति बनें। उन्होंने कहा कि परमेश्वर का राज्य, पृथ्वी पर स्थापित किया जायेगा। पृथ्वी पर अन्धकार की ताकतें, प्रभु यीश द्वारा समाप्त की जायेंगी।

इथेल हिग्गिनबॉटम के बच्चों ने यीशु मसीह के चरनी के जन्म को नाटक के द्वारा जीवंत किया। जूनियर ग्रुप के बच्चों ने डान्स की प्रस्तुति दी वहीं सीनियर ग्रुप के बच्चों ने ह्यतुम दुनिया के नूर होह्न पर कोरियोग्राफी प्रस्तुत की। फोर्ड स्कूल के बच्चों ने ह्यजब साथ है मसीहा जीत हम जायेंगेह्न पर नृत्य की प्रस्तुति दी। हिग्गिनबॉटम इण्टरमीडिएट के बच्चों ने पंजाबी मसीही गीत पर नृत्य किया। यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च के बच्चों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। स्नेह आश्रय की बच्चियों ने राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जागो संगीत दल ने ह्यमेरा राजा है महानह्न, करो यीशु की जय-जयकार एवं ह्यतेरे भवन में आनन्द की भरपूरी हैह्न मसीही गीत की विशेष प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में डा. इंदिरा वसन्था, निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. सर्वजीत हरबर्ट, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोथान ए. लाल, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, प्रो. डा. रंजन ए. जौन, फादर डेविड फिलिप्स, निदेशकगण, डीन सहित कीनिया से रेव्ह. जॉन मुग्गा उनकी पत्नी श्रीमती मेघल भी सम्मिलित हुए। समापन ह्यधन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवादह्न मसीही गीत के साथ हुआ जिसके उपरान्त सभी लोग सामूहिक भोज में शामिल हुए।

बेटियां हैं ईश्वर का वरदान, सदैव करें इनका सम्मानः अलका विश्वकर्मा

अखंड भारत संदेश

जसरा/प्रयागराज। बेटियां आने वाले कल की भाग्यविधाता हैं। जिस घर में बेटियों को सम्मान एवम शिक्षा के अवसर प्रदान किये जाते हैं वही परिवार आगे चलकर समाज के लिए मिशाल बनता हैं। माँ, बहन, बेटी, पत्नी समेत विभिन्न रिश्तों को निभाते हुए स्त्री एक कुल को दूसरे से जोड़ने का कार्य करती हैं।समाज एवम राष्ट्र का असली विकास तभी होगा जब बेटियों को बेटों के बराबर सम्मान एवम शिक्षा ग्रहण करने की छूट मिलेगी उक्त बातें अध्ययन एकेडमी के नेतृत्व में आयोजित निःशुल्क पत्रिका वितरण में कमला स्मारक इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने मेधावी छात्राओं को पत्रिका भेंट करने के दौरान व्यक्त की। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास साक्षी हैं महिलाओ ने समय -समय पर अपने वीरता, विद्वता एवम करुणा समाज के समक्ष प्रस्तुत करती रहीं हैं। देश में वर्तमान राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार,मायावती, ममता बनर्जी समेत अनेकों ऐसे उदाहरण हैं जहाँ महिलाओ ने ही देश को विकास एवम वीरता का असली आइना दिखाने का कार्य किया हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा के द्वारा लिंगानुपात, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल विवाह को जड़ से खत्म करने एवम छात्राओं से मन लगाकर पढ़ने एवम देश को गौरवान्वित करने की अटूट शपथ दिलवायी गयी। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने अध्यक्ष एकेडमी के निदेशक इमरान खान के प्रति आभार प्रकट करते हुए बेटियों के उत्साह वर्धन हेतु पत्रिका भेंट करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किये । उक्त अवसर पर किरण द्विवेदी,नीतू चौबे,बबीता तिवारी, प्रिया सिंह आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी से भड़के भाजपाई, फूंका बिलावल भुट्टो का पुतला

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। यहां बिलावल भुट्टो का पुतला फूंकने के साथ ही भाजपाइयों ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को घेरने में असफल रहे पाकिस्तान के विदेश मंत्री जरदारी बिलावल भुट्टो के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीएम मोदी के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी की गई। उसे देश सहन नहीं करेगा। पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद और आतंकवादी संगठनों को लगातार शरण देता आ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को शक्तिशाली संपन्न, समृद्धशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर रखने का कार्य कर रहहे हैं।

उनके नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे तीव्र गति वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। इस वजह से पाकिस्तान बौखला गया है और भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का प्रयोग कर रहा है ।इसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है। पुतला दहन के दौरान अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार, रणजीत सिंह, शशि वार्ष्णेय, मुरारी लाल अग्रवाल, पदुम जायसवाल, कुंज बिहारी मिश्र, देवेश मिश्र, विवेक अग्रवाल, राजेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय टीम का चार दिवसीय दौरा पूरा

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। लखनऊ से आई राज्य स्तरीय टीम व गिरि विकास अध्ययन संस्थान, अलीगंज ने जनपद में 14 से 17 दिसंबर तक कोटपा अधिनियम-2003 के सम्बन्ध में अनुपालन स्थिति को देखा। टीम द्वारा जनपद में तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।इस दौरान टीम ने जनपद में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की धारा- 4 , 5 , 6 एवं 7 के अनुपालन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए शनिवार को जनपद के शहरी क्षेत्र एवं ,ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुषेंद्र कुमार ने बताया कि ह्यराज्य स्तरीय टीम व गिरि विकास अध्ययन संस्थान ने जनपद में सभी सरकारी,गैर सरकारी स्कूलों और सरकारी संस्थान, चिकित्सा इकाई व सार्वजनिक निकट बाजारों आदि का भ्रमण किया। जिसमे नोडल अधिकारी जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ डॉ के०डी० सिंह, पुनीत श्रीवास्तव रीजनल कोआर्डिनेटर, उ.प्र वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन, जिला कार्यक्रम समन्यवक विष्णु गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम सहायक वैभव कुमार सिंह ने भी सहयोग प्रदान किया गया। टीम द्वारा तम्बाकू उत्पाद अधिनियम -2003 की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट राज्य स्तर पर प्रेषित की जाएगी।

स्कूल संचालक की शिकायत करने पर छात्र की पिटाई

अखंड भारत संदेश

लालापुर। क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में एक प्राइवेट स्कूल संचालित किया जाता है।जिसमें आस पास के छात्रों सहित चित्रकूट जनपद के मऊ तहसील स्थित पाली-परदवा गांव के छात्र पढ़ने आते हैं।परदवा गांव निवासी बिहारी लाल का पुत्र श्लोक ओझा कक्षा दो का छात्र है।उसने पिता से शिकायत किया था की छात्रों को ले जाने वाले वाहन में ज्यादा छात्र भर कर स्कूल संचालक वाहन चलाता है।जिस पर छात्र के पिता ने संचालक से शिकायत किया था।शनिवार को विद्यालय के प्रबंधक ने छात्र की जमकर पिटाई कर दिया।जिससे नाराज परिजन व ग्रामीण स्कूल पहुंचे परंतु प्रबंधक वहां से भाग गया था।छात्र के पिता ने बताया की खंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ को फोन द्वारा सूचित कर दिया गया है।अगर कोई करवाई नहीं हुई तो वो ज़िलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर से शिकायत करेंगे।

हिरासत में लिए गए चोरी की ट्राली के खरीददार को ही पुलिस ने थाने से छोड़ा

25नवंबर की रात भाजपा नेता के दरवाजे से ट्रैक्टर ट्राली हुई थी चोरी

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। घूरपुर पुलिस की कारनामे भी अजीबो गरीब है। एक ओर चोरी हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस पता लगाने में जहा नाकामयाब रही तो वहीं ट्रैक्टर स्वामी ने मेहनत कर ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद कर पुलिस को चोरो तक पहुंचा पुलिस का काम आसान करा दिया। वाबजूद सख्ती बरतने की कौन कहे हिरासत में आए चोरी की ट्रॉली के खरीददार को ही पुलिस ने थाने से छोड़ दिया। साथ ही ट्राली को बेचने वाले व्यक्ति के हिरासत में लिए गए तीन भाईयो को भी पुलिस ने छोड़ दिया। जिससे निर्भीक चोर आगे भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे। पुलिस की इस कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए क्षेत्र में खासी चर्चा की जा रही। मामले की यदि पुलिस उच्च अधिकारी जांच किए तो घूरपुर पुलिस की गर्दन बच नहीं पाएगी। पीड़ित ने उच्च पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर जांच करवाने की बात कही है।

बीते 25नवंबर की रात बादलगंज गांव निवासी भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली चोरों ने पार कर दिया था। सीसीटीवी फुटेज में इरादतगंज हवाई पट्टी मार्ग तरफ जाते भी दिखी थीं। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस जहां शांत बैठी थी वही भाजपा नेता के भतीजे मनोज कुमार दिन रात खोजबीन में लगा हुआ था। इस बीच 9दिसंबर के दिन खोजबीन के दौरान नैनी के भड़रा स्थित राजू ट्राली वर्कशॉप पर ट्राली की मनोज ने पहचान किया तो ट्राली पुलिस को बुला सौंप दिया पुलिस ने वर्क शाप के मिस्त्री राजू को हिरासत में लिया तो सारे राज खुल गए। इधर चोरों को पता चला तो पुलिस से बचने के लिए चोरों ने ट्रैक्टर को ट्राली बरामद के दूसरे दिन10दिसंबर को यमुना नए पुल के चौराहे पर पर खड़े कर भाग निकले। हिरासत में लिए राजू ने बताया कि ट्राली को धूमंनगंज थाना क्षेत्र के करेहदा और लखनपुर के तीन लोगों ने 80हजार रुपए में बेचा था। जानकारी पर पुलिस ने करेहदा के गांव में छापेमारी की तो असली चोर भाग निकला तो पुलिस ने उसके तीन भाईयो को पुछताछ के लिए उठा लाई । इस बीच हिरासत में लिए राजू को तीन दिन बाद छोड़ दिया गया। जब ट्रैक्टर स्वामी को इस बात का पता चला तो उच्च पुलिस अधिकारियों से शिकायत की बात कही तो पुलिस ने राजू को फिर से हिरासत में ले लिया।

बड़े धूमधाम से हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया

अखंड भारत संदेश

सिरसा/प्रयागराज। यमुनापार मेजा क्षेत्र श्री रामप्रताप इंटरमीडिएट कॉलेज नगरपंचायत सिरसा प्रयागराज में हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्वर्गीय राम प्रसाद गुप्त के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ माँ सरस्वती जी के वंदना से किया गया। 75वां साल पूरे होने के बाद हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजन किया गया। इसका इस कॉलेज से पढ़कर समाज मे मुकाम हासिल करने वाले तमाम पुरातन छात्र हीरक जयंती एवं वार्षिकोत्सव समारोह को यादगार बनाने के पुरातन छात्र को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा उलब्ध करना था। हरीक जयंती एवं वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर विद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, कला, डिजाइनर और रंगोली के विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहा। छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृति कार्यक्रम अद्भुद रूप से प्रस्तुत किया गया। जो लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। शैक्षिक कार्यो की गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश केशरवानी माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय प्रयागराज ने कहा कि यह कालेज जनपद ही नही पूरे प्रदेश में अपना अलग स्थान रखता हैं, यह कालेज पूरे जिले की गौरव की बात है। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया।

संगम सभागार में विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ पेंशनर दिवस

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शनिवार को प्रयागराज के संगम सभागार में पेंशनर दिवस मनाया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) मदन कुमार की अध्यक्षता में सभी विभागों के अधिकारियों को बुलाया गया था। इसमें पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं सुनाई। उच्चाधिकारियों ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया।

मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों के स्तर से लंबित पेंशन पुनरीक्षण, चिकित्सा प्रतिपूर्ति की समीक्षा की। पेंशनर्स एसोशिएशन के सदस्यों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्यतः चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का निस्तारण, कैशलेश चिकित्सा सुविधा का क्रियान्वयन स्थानीय स्तर से कराये जाने, कार्यालय स्तर से 7वें वेतन आयोग के अनुरूप पेंशन पुनरीक्षण आदि विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में समन्यवक मुख्य कोषाधिकारी शिवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी सिविल लाइंस इन्दिरा भवन तेज बहादुर सिंह,कोषाधिकारी आनन्द दूबे एवं कोषाधिकारी रमेश सिंह यादव तथा अन्य विभागों के वित्त एवं लेखाधिकारियों सहित जनपद के कार्यालयाध्यक्ष, पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी, पेंशनर्स व कोषागार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

मऊआइमा रेलवे फाटक से मोबाइल चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेज जेल

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया जामा तलाशी में उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के लूटमार चौराहा (बादीपुर) निवासी मोहम्मद अफजल पुत्र अकरम को रामफल की इनारी चौकी इंचार्ज एसआई रामबालक यादव, सिपाही कप्तान एवं गौरव ने मऊआइमा रेलवे फाटक से एक युवक को संदिग्ध हालात में दौडा कर पकड लिया । जामा तलाशी में उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अफजल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

पुलिस ने पकड़ा प्रधान पति ने लड झगड कर भगा दिया पुलिस मुजाहिमत का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। वृक्ष काटने की सूचना पर जब पुलिस पहुंची और पेड कटवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तो ग्राम प्रधान पति ने पुलिस से भिड गया और मुल्जिम को छुडा दिया। पुलिस ने ग्राम प्रधान पति को नामजद करते हुए तीन अज्ञातों के खिलाफ पुलिस मुजाहिमत का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली में स्थित बैंक ऑफ बडौदा में मऊआइमा थाने के कांस्टेबल मंजीत सिंह और होमगार्ड राम जियावन बैंक डयूटी पर थे। तभी पता चला कि एक व्यक्ति कुछ लोगों से मिलकर हरा पेड कटवा रहा है। सूचना पर मंजीत सिंह और होमगार्ड रामजियावन मौके पर पहुंच कर पेड काटने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि तभी गांव के प्रधानपति आए और पुलिस से भिड गए। तथा आरोपियों को छुडवा कर भगा दिया। कांस्टेबल मंजीत सिंह ने मऊआइमा थाने में तेजपुर के प्रधान पति शिवपूजन यादव उर्फ निक्की यादव तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ पुलिस मुजाहिमत का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

ट्यूशन टीचर ने 6 साल की मासूम से की अश्लील हरकत

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड । मेजा मे 12 दिसंबर को छह साल की मासूम से ट्यूशन टीचर ने अश्लील हरकत की थी। बच्ची ने घरवालों को आपबीती सुनाई तो वह स्तब्ध रह गए। पिता ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था और कोतवाल मेजा ने पुलिस टीम गठित कर उसकी तलाश में जुटे थे। वहीं शनिवार को कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ चौकी परिक्षेत्र के गड़ार नाला की पुलिया के पास से वांछित आरोपी सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र देवेन्द्र कुमार पाण्डेय निवासी उमरपुर नीवा थाना धूमनगंज को गिरफ्तार किया। कोतवाल ने बताया कि जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही

भाजपाइयों नें जलाया पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला

झूंसी। गंगापार में शनिवार को भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला जलाया। भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ता भड़के हुए हैं। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी द्विवेदी, सांसद केसरी देवी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिले के महामंत्री मनोज निषाद, जीत लाल त्रिपाठी, कविता पटेल, भूषण सिंह, किरण त्रिवेदी, अनिरुद्ध पटेल, राम पलट, अमरनाथ द्विवेदी, किरण त्रिवेदी, मनु प्रताप सिंह, विष्णुदेव प्रसाद, श्याम बिहारी, सरोज श्रीवास्तव, तुलसीराम सरोज, अमरजीत कुशवाहा, कमलेश पाल, दिलीप यादव, रोहित केसरी, संतोष शुक्ला, महेश पांडे, ऊषारानी निषाद, आशीष कुमार, किशोर त्रिपाठी, लक्ष्मी कांत उपाध्याय सहित भारी संख्या में बाजपाई मौजूद रहे।

आपकी मदद के लिए हर वक्त तैयार है पुलिसः मनोज कुमार सिंह

पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष ने संभावित दावेदारों से सहयोग की अपील की

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़/प्रयागराज। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर शनिवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, संभावित दावेदारों के साथ तमाम कस्बावासी भी शामिल हुए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा, चुनाव सिर्फ चार दिन का होता है। इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आपस में मतभेद पनपे। यह लोकतंत्र का त्योहार है। इसमें सभी लोग अपनी-अपनी सहभागिता निभाएं। मतदान प्रतिशत को बढ़ाएं। लोगों को मतदान के लिए जागरुक करें।

उन्होंने संभावित दावेदारों से कहा, कोई भी प्रत्याशी किसी को प्रलोभन ना दे। लालच में कोई ऐसा काम ना करें, जिससे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। चुनाव को संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा व्यवस्था के हर पुख्ता उपाय किए जा रहे हैं। यदि किसी को कोई समस्या होती है तो वह सीधे पुलिस से संपर्क कर सकता है। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। पीस कमेटी की बैठक में चेयरमैन, सभासद प्रत्याशी संग उपनिरीक्षक गंगाराम सोनकर, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, नगर पंचायत के लिपिक प्रदीप कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, शिवराम सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सभासद सुधा गुप्ता, मसुरिया दीन वर्मा, सभासद सुजीत केसरवानी, सचिन वैश्य, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी,प्रकाश चंद्र उर्फ गोलू केसरवानी,उमा वर्मा, रेखा सिंह, प्रवीण सिंह, जय केसरवानी, राजेश केसरवानी सोमनाथ वर्मा, सतीश विश्वकर्मा, प्रमोद रंजन, शालिनी श्रीवास्तव, सुनीता, दिनेश सिंह, सोमनाथ वर्मा, उग्रसेन द्विवेदी, बल्लू केसरवानी, मनीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

आतंकवाद की नर्सरी है पाकिस्तानः भाजपाइयों ने शंकरगढ़ में फूंका बिलावल भुट्टो का पुतला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा की गई बयानबाजी पर जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा दिए गए बयान को लेकर भाजपाइयों ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा यमुनापार के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के नेतृत्व में शनिवार को शंकरगढ़ नगर में बिलावल भुट्टो का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा, पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। विश्वभर में आतंकवाद जहां-जहां फैला है, उसकी जड़ें पाकिस्तान से जुड़ी हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा, 1971 की हार, सर्जिकल

स्ट्राइक, कारगिल आदि के बौखलाहट से पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक है। वह पाकिस्तान की नाकामियों को छिपाने के लिए और विश्व बिरादरी का ध्यान पाकिस्तान की कारस्तानियों से हटाने के लिए इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं।

इस दौरान कार्यकताओं ने बिलावल भुट्टो का पुतला फूंकते हुए बिलावल भुट्टो मुदार्बाद के नारे लगाए। कार्यकताओं ने ₹प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹, ₹देश का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ और ₹आतंकवाद की जननी पाकिस्तान, होश में आओ होश में आओ₹ के नारे भी लगाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, जिला समन्वयक राजेश्वरी तिवारी, शिवराम सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह,सभासद सुधा गुप्ता,सचिन वैश्य,विपिन सिंह, सुजीत केसरवानी, कुशल जैन, सतीश विश्वकर्मा, दिनेश सिंह, सौरभ सिंह, अनुपमा वैश्य, उमा वर्मा, रेखा सिंह, बबिता गुप्ता, अनुपम सिंह,दिनेश सिंह, संतराम गुप्ता, नितेश केसरवानी, सुनीता समेत पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंधविश्वास में अपना ही सिर कटवा लिया आशीष, हरिद्वार में हुई हत्यारे से मुलाकात

चापड़ से मेरी गर्दन काट देना, दोबारा जिंदा होकर स्टेशन पर मिलूंगा , गुरु की बात मानकर शिष्य ने चापड़ से काट दी थी गर्दन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। तंत्र-मंत्र के चक्कर में पड़कर प्रयागराज के एक शख्स ने अपनी ही गर्दन कटवा ली। मृतक को यकीन था कि वो फिर से दैवीय शक्ति से जिंदा हो जाएगा। करछना के गधियांव गांव में छह दिन पहले हुई आशीष दीक्षित की हत्या में हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि उसने सिद्धि पाने के लिए खुद ही अपना कत्ल कराया था। कत्ल करने वाले दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भाई को लगा प्रॉपर्टी डीलर ने मरवाया आशीष को

नैनी के नंदन तालाब निवासी आशीष की 10 दिसंबर की रात हत्या कर दी गई थी। भाई रवि दीक्षित ने शक के आधार पर प्रॉपर्टी डीलर मुकेश पाल को नामजद कराया था। हालांकि काफी पूछताछ के बाद भी घटना में उसकी संलिप्तता की बात सामने नहीं आई। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी को खुलासे के लिए लगाया गया था। सर्विलांस व अन्य माध्यमों से नितिश सैनी निवासी निरंजनपुर, थाना लक्सर, हरिद्वार का नाम सामने आया। पुख्ता सबूत मिलने के बाद उसे गुरुवार को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त चापड़ भी बरामद कर लिया गया।

गंगा स्नान के दौरान नितिश से हुई थी आशीष की मुलाकात

पुलिस के मुताबिक, नितिश ने बताया कि वह पांच-छह महीने पहले हर की पैड़ी में गंगा स्नान के दौरान आशीष से मिला था। वह एक फार्मा कंपनी में हेल्पर था। आशीष ने पूजा पाठ व दैवीय शक्ति के जरिये उसका भविष्य अच्छा करने का आश्वासन देकर उसे अपने झांसे में ले लिया। जिस पर वह घर छोड़कर उसके साथ हरिद्वार में किराये के कमरे में रहने लगा। दोनों वाराणसी, कानपुर के बाद प्रयागराज आकर लीडर रोड स्थित होटल में रुके और आठ दिसंबर को विंध्यवासिनी धाम जाकर दर्शन किया और वहां से लौटने लगे।

मैं पुनः जीवित होकर तुम्हारा जीवन बदल दूंगा

पुलिस अफसरों के मुताबिक, इसके बाद नितिश ने जो खुलासा किया, उसे सुनकर वह स्तब्ध रह गए। बताया कि पैसे खत्म होने की वजह से दोनों विंध्याचल से पैदल ही चलकर नौ दिसंबर को प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे के पास स्थित गधियांव पहुंचे। नितिश के मुताबिक, आशीष ने उससे कहा कि वह उसे मार दे, जिससे उसे सिद्धि मिल जाएगी और पुनः जीवित होकर दैवीय शक्तियां पाकर वह उसका जीवन बदल देगा।

जीवित होकर एक घंटे बाद रेलवे स्टेशन पर मिलूंगा

यह भी कहा कि पूजा-पाठ करने के बाद वह जमीन पर लेट जाएगा। इसके बाद अगर उसके शरीर में हलचल न हो तो चापड़ से गर्दन काटकर मार देना। साथ ही उसके खून से अपने माथे पर अभिषेक कर चापड़ व अन्य सामग्री गंगा में प्रवाहित कर देना। रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर अगर एक घंटे में वह न आए तो चले जाना। वह उससे हरिद्वार में आकर मिलेगा। इसके बाद उसने ऐसा ही किया और हरिद्वार चला गया।मृतक नींद की दवा के साथ ही शराब का भी सेवन करता था। जांच में यह बात सामने आई है कि अंधविश्वास में उसने ऐसा किया। -सौरभ दीक्षित, डीसीपी यमुनानगर।

अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत सारंग नाट्य संस्था के कलाकारों ने शहीद क्रांतिकारियों को किए याद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन प्रयागराज की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद क्रांतिकारियों को याद करते हुए सारंग नाट्य संस्था प्रयागराज के कलाकारों द्वारा शहीद पद्मधर लाल शहीद स्थल कचेहरी और आजाद पार्क में शनिवार को चौक में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

इसमें शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह चंद्र शेखर आजाद जी को याद करते हुए उन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक का अगला कार्यक्रम 18 दिसंबर को शहीद स्थल फांसी इमली, सुलेमसराय। 19 दिसंबर को शहीद रोशन सिंह शहीद स्थल, स्वरूपरानी ।अस्पताल पर नुक्कड़ नाटक का मंचन दोपहर 1 बजे होगा। इस नुक्कड़ नाटक का निर्देशन महेंद्र कनौजिया ने किया।

कलाकारों में दिलीप कुमार, शुभम सिंह राजपूत, आयुश केशरवानी, हर्ष श्रीवास्तव, आकाश मौर्य, गौतम त्रिपाठी रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन प्रयागराज की ओर से किया गया।

यूपीकॉन और जादूज उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में 1000 ग्रामीण उद्यमी करेंगे तैयार

मैजिक रूम 25,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देगा रोजगार

अखंड भारत संदेश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में मैजिक रूम्स नामक ग्रामीण शिक्षा केंद्रों के जरिए 1000 ग्रामीण उद्यमी तैयार किए जाएंगे। यूपीकॉन और जादूज यूपी में शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण उद्यमी तैयार करेंगे। प्रदेश में पहली बार ग्रामीण प्रवासियों के पास एक सामान्य आधारभूत संरचना तक पहुंच होगी। बड़ी स्क्रीन-आधारित लाइव इंटरैक्टिव शिक्षा प्रदान की जाएगी। देश में युवाओं की पहुंच आईआईटी, अकाउंटिंग, इंग्लिश और एक्टिंग की कोचिंग तक नहीं है। यहां पर दाखिला कराने के लिए लगभग 25 किलोमीटर से लेकर कुछ सौ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, लेकिन इस अत्याधुनिक मिनी ऑडिटोरियम से समस्या का समाधान होगा। इसके साथ ही जो 'फर्स्ट डे फर्स्ट शो' सिनेमाई अनुभव के रूप में भी दोगुना हो जाएगा।

यूपीकॉन के प्रबंध निदेशक प्रवीन सिंह ने बताया कि ग्रामीण यूपी में 1000 उद्यमी तैयार करने में दोनों कंपनियों के संयुक्?त दृष्टिकोण में योगदान करने से प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा। शहरी और ग्रामीण हिस्?सों में मौजूद पहुंच की खाई पटेगी। जादूज के प्रबंधक निदेशक राहुल नेहरा ने कहा कि शिक्षा व मनोरंजन जगत में इस काम से बदलाव आएगा। यूपीकॉन और जादूज की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक मैजिक रूम 25,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देगा और सालाना 1,000 करोड़ की नई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अर्थव्यवस्था का निर्माण करेगा।

सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज के बच्चो को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

झूंसी। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की ओर से भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान ग्वालियर के निर्देशन में शनिवार को स्वच्छ भारत स्वच्छ पर्यटन

थीम पर झूंसी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में छात्रों को स्वच्छ पर्यटन, पर्यटन शिक्षा और संस्कृति रक्षा के महत्व बताया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने यह दिखाया कि हर जगह कूड़ा कचरा फेंकने से समाज में विभिन्न प्रकार के रोग फैलते हैं। सदैव कचरा को कूड़ेदान में ही डालें। गीले कचरे को हरे डस्टबिन में और सूखे कचरे को नीले डस्टबिन में रखना चाहिए। डॉ रमेश देवव्रत ने बच्चों को स्वच्छ भारत स्वच्छ पर्यटन के महत्व को बताते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में डॉ प्रवीण पांडे, प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी, राम यादव, अखिलेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

नाटक बेटी का हुआ सफल मंचन, पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था की सोच बदलने का दिया संदेश

यहां सबको मां चाहिये बहन चाहिये बीबी चाहिये मगर बेटी किसी को नहीं चाहिये

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज । ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के 73वें परिनिर्वाण दिवस 6 दिसम्बर से उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज के निर्देशन में चलाई गई एक ग्यारह दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला से तैयार नाटक- बेटी का सफल मंचन प्रीतम नगर स्थित संत गाडगे भवन के सभागार में किया गया।

अजन्मी बेटी रिया मौर्या द्वारा मां की कोख से पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था और पुरुषों की बेटी के प्रति नकारात्मक मानसिक सोच पर चोट करता कथोपकथन कि आज तो बेटी को बचाएंगे, कल गंदी सोच के लोग दामिनी की तरह उसको भी नोच खाएंगे। वहां से बच गए तो दहेज के नाम पर जिंदा जलायेंगे। अगर कोख से बुढ़ापा तक रोना ही था तो क्यों आए हम यहां? यहां सबको मां चाहिए, बहन चाहिए, बीवी चाहिए मगर बेटी किसी को नहीं चाहिए। ओस की बूंद होती है बेटियां मां-बाप को दर्द हो तो रोती है बेटियां।

तो उधर दिनेश का बेटा हाल ही में पीडब्ल्यूडी में जेई के पथ पर नियुक्त हुआ है। बहुजन महापुरुषों की वैचारिकी कि पच्चासी प्रतिशत बहुजन समाज इस देश के हुक्मरान थे, शासक थे लेकिन वर्णाश्रम व्यवस्था के चलते इंसान को चार वर्गों में विभाजित कर शूद्रो को 6743 जातियों में बांट दिया। भारतीय परिदृश्य के पुराने गौरव को वापस लेकर उसे पूरा करने की दिशा में दिनेश और रामेश्वर व्यवहारिक रूप से अपने बच्चों द्वारा रोटी बेटी का रिस्ता कायम कर बहुजन समाज को एकबार पुनः संगठित कर देश का हुक्मरान बनाने का व्यवहारिक पहल की शुरूआत अपने घरों से की किन्तु दिनेश की पत्नी गंगा जो पुराने खयालात की है जो दहेज की लोभी भी है लेकिन गुणवान और एमबीबीएस बहू उसके खयालात और दहेज रूपी सोच बदल देती है। गंगा को सोनोग्राफी की रिपोर्ट से जैसे पता चलता है कि उसकी बहू ज्योति माँ बनने वाली है उसे बेटी है आग बबूला हो जाती है। गंगा अपने पुत्र रोहित को बहू के पेट में पल रही बेटी को मारने को कहती है। रोहित और उसकी पत्नी ज्योति के मध्य बेटी को न चाहते हुये उसे मारने को लेकर काफी जद्दोजहद होता है। ज्योति के कोख में पल रही अजन्मी बेटी अपने कथोपकथन से अपने पिता रोहित की नकारात्मक सोच को बदल देती है। अंत में ज्योति और उसका पति रोहित मिलकर समाज सेवा के माध्यम से बेटी को बचाने का संकल्प लेते हैं। रिया मौर्या- बेटी, आंचल - पड़ोसन, डॉक्टर, रिया- गंगा, प्रज्ञा रश्मि गौतम- ज्योति, इशांत चौधरी- दिनेश बाबू, श्रेष्ठ चौधरी- रोहित, राजू राव- रामेश्वर बाबू ने अपने रोल के साथ न्याय किया। नाटक बेटी का निर्देशन उच्च न्यायालय के अधिवक्ता समाजसेवी रंगकर्मी रंग निर्देशन आईपी रामबृज ने किया। नाटक बेटी के मंचन की दर्शकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 6709 6510 1472 में भूल से धर्म नारायण पुत्र सूरजबली अंकित हो गया है आधार कार्ड में जन्मतिथि 01-01-1986 अंकित है नाम और जन्मतिथि वा पिता का नाम तीनो गलत है मेरा सही नाम राजकरन पुत्र सूर्यबली निवासी हर्रायपुर नरना उर्फ आलमचन्द महंगाव कछार कौशाम्बी वा मेरी सही जन्म तिथि 10-07-1988 है।

प्रार्थी

राजकरन पुत्र सूर्यबली निवासी हर्रायपुर नरना उर्फ आलमचन्द महंगाव कछार, जनपद कौशाम्बी

सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 10 मामलों का हुआ मौके पर निस्तारण जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

सदर तहसील में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 115 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 10 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 115 शिकायतों में से 52 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 21, विकास विभाग से 04, चकबन्दी विभाग से 02, विद्युत विभाग से 03 एवं 33 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रकरणों का यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। उन्होने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सात शिकायतें निस्तारित, एएसपी ने सुनीं शिकायतें

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ अठारह शिकायतो मे से सात शिकायतो का निस्तारण किया गया। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र के साथ अफसरो ने इन शिकायतो के त्वरित निस्तारण का फरियादियों को भरोसा दिलाया। समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की पैंतालिस, पुलिस बीस, विकास पन्द्रह तथा अन्य विभागों की अडतीस रहीं। समाधान दिवस मे लीलापुर थाना क्षेत्र के इटौरी निवासी नासिर अली ने एएसपी को दिये गये शिकायती पत्र मे कहा है कि पिछली दस दिसंबर की रात आठ बजे गांव के आरोपी ने अपने कुछ साथियो के साथ उसे गालियां दी। आरोपियो ने विरोध करने पर जानलेवा धमकी दी। पीडित का कहना था कि पुलिस ने तहरीर के बावजूद कार्यवाही नही की है। इस पर एएसपी ने लीलापुर एसओ को फोन पर फटकार लगाते हुए आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं एएसपी ने पुलिस विभाग से जुडी शिकायतो पर समाधान दिवस मे मौजूद थानाध्यक्षो को निष्पक्ष निस्तारण कराए जाने को लेकर भी कर्रा किया। राजस्व विभाग से जुडी शिकायतो की सुनवाई एसडीएम सौम्य मिश्र ने किया। उन्होनें जमीनी विवाद से जुडे मामलो मे राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन करते हुए सप्ताह भर के भीतर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। समाधान दिवस का संयोजन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर सीओ रामसूरत सोनकर, बीडीओ लालगंज अश्विनी कुमार सोनकर, ईओ पदमजा मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, बीईओ प्रभाकर यादव आदि रहे।

मेधावी शैक्षिक भ्रमण के लिये प्रयागराज हुए रवाना

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शासन के निर्देश के अनुसार छात्रो के चतुर्दिक विकास को लेकर रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के परिषदीय विद्यालयों के पचास मेधावी छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान देश के इतिहास व विज्ञान एवं तकनीक से जुड़ी जानकारियां छात्रो को प्रदान की गयी। राष्ट्रीय अविष्कार प्रतिभा खोज परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालयों के पचास मेधावी छात्रों के दल को खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण पर रवाना होने से पहले खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने कहा कि छात्रों को प्रयागराज जिले स्थित ऐतिहासिक स्थलों से रूबरू कराने के लिए छात्रो को उपयुक्त शिक्षको की देखरेख मे भेजा जा रहा है। उन्होनें कहा कि छात्रो को शिक्षा के साथ ही देश के इतिहास व विज्ञान एवं तकनीकी की जानकारी के लिए प्रतिभाशाली छात्रो को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया है। इसके तहत छात्रो को प्रयागराज स्थित आनंद भवन, स्वराज्य भवन, तारामण्डल व चंद्रशेखर आजाद पार्क आदि ले जाया गया। छात्रो को प्रयागराज संग्रहालय मे भी ऐतिहासिक वस्तुओं को देखने के लिए ले जाया गया। शैक्षिक भ्रमण में वरिष्ठ शिक्षिका रेनू सिंह का विशेष योगदान देखने को मिला। इस मौके पर डा. कामेश्वरमणि त्रिपाठी, चिंतामणि त्रिपाठी, आशीष श्रीवास्तव, डा. शशीन्द्र शुक्ल, दिलीप तिवारी, विजय कुमार, कांती पाण्डेय, उमेश कुमार समेत शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र में बहेरा जोगीपुर गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। बता दें कि 45 वर्षीय दिनेश कुमार विश्वकर्मा जो की गाड़ी चालक था, घर से कुछ दूर पर अज्ञात कारणों के चलते एक कमरे में फांसी लगा ली जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आत्महत्या की वजह खोजने में पुलिस जुटी हुई हैं।

युवा कैदियों को अपराध की दुनिया से बाहर निकलने का मंत्री ने दिलाया संकल्प

राज्य मंत्री पहुंचे जिला कारागार, कैदियों से किया सीधा संवाद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। यूपी के जिला कारागार राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति आज शनिवार को जिला कारागार पहुंचे। उन्होंने कैदियों से मुलाकात कर उनकी कठिनाईयां जानी और परिवारवालों से भी उन्हें कान्टैक्ट कराया। राज्य मंत्री ने जेल में निरुद्ध युवा कैदियों को अपराध की दुनिया से बाहर निकलने के लिये संकल्प भी दिलाया।

इस दौरान मंत्री ने बयान देते हुए कहा कि अब तक उनकी सरकार ने 400 ऐसे कैदियों को जेल से रिहा किया जो बेवजह जेल में निरुद्ध थे इसके साथ ही साथ दया अच्छा वाले बारह सौ कैदियों में 1000 कैदियों को छोड़ दिया गया है जबकि अन्य कैदियों के छोड़ने की है वहीं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो पेशेवर अपराधी हैं उनके साथ कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी। वहीं समाजवादी पार्टी के विधायक सोलंकी को जेल में भेजे जाने के बाद लग रहे भाजपा के आरोपों को उन्होंने निराधार बताया और कहा कि किसी भी विधायक के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है और ना ही किसी को कोई स्पेशल ट्रीट दिया जाएगा। अखिलेश यादव द्वारा जेल में सोलंकी से किए जाने वाले मुलाकात के बारे में उन्होंने कहा कि कैदियों से कोई भी मुलाकात कर सकता है।

बीईओ ने बीएसए को भेजी जांच रिपोर्ट

लालगंज के अगई के पूरे बोधी सिंह प्राथमिक विद्यालय का है मामला, पांच में चार गैरहाजिर थे शिक्षक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बीईओ ने पांच में चार गैर हाजिर शिक्षको के मामले में जांच कर रिपोर्ट बीएसए को भेज दी। यह बात अलग है की बीईओ ने विद्यालय न जाकर फोन पर ही जानकारी जुटाकर लिखा-पढ़ी की। मामला स्थानीय विकास खंड के लखनऊ-वाराणसी एनएच पर स्थिति पूरे बोधी सिंह अगई प्राथमिक विद्यालय का है, जहां बीते 15 दिसंबर को तैनात पांच शिक्षको में एक शिक्षिका ही उपस्थिति थी। वहीं रजिस्टर में 97वें दर्ज छात्र में 22 ही उपस्थित थे। मामले की शिकायत बीईओ से हुई। बीईओ ने उपस्थित शिक्षिका से फोन पर जानकरी की तो पता चला की एक आकस्मिक अवकाश पर है।

तो एक मातृत्व अवकाश पर वही दो विना अवकाश के ही गायब है।मामले की जानकारी जब अखबार में प्रकाशित खबर के माध्यम से बीएसए को हुई तो उन्होंने बीईओ को जांच सौप दी।विद्यालय में अध्यापकों की लापरवाही का ही नतीजा है की अभिलेखों में दर्ज के मुताबिक पच्चीस फीसदी भी छात्र नहीं आ रहे है। इस बाबत बीईओ ने फोन पर जानकारी जुटाकर बीएसए को जांच रिपोर्ट भेजे जाने की बात कही।

पाक विदेश मंत्री के खिलाफ भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, विलावल भुट्टो का फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पाकिस्तान के विदेष मंत्री विलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ता आक्रोषित होकर आज शहर की सड़कों पर जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की और पाक विदेष मंत्री का पुतला भी फूंका।

बताया जाता है कि शनिवार को सदर तहसील के बगल भाजपा के नगर कार्यालय से कार्यकताओं का एक जुलूस श्रीराम तिराहा, अम्बेडकर चैराहा होते हुए कचहरी गया। श्रीराम तिराहे पर भाजपा ने तथा अम्बेडकर चौराहे पर भाजयुमो ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला फूंका। शनिवार को दिन में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिये नारे लगाते अम्बेडकर चैराहे तक पहुंचे, जहां हुई सभा में सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवाद से दुनिया परिचित है और पाक के विदेश मंत्री अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अब झूठ का सहारा लेकर भारत के विरुद्ध जहर फैलाने का काम कर रहा है। इसे हिन्दुस्तान की जनता बर्दाष्त नहीं करेगी। आज दुनिया के खूंखार आतंकी पाकिस्तान में शरण लिये हैं और वहां की सरकार उनका भरण-पोषण करती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि भारत से भिड़कर पाकिस्तान फिर मुंह की खाएगा। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंषुमान सिंह, जिला महामंत्री नीतीष, सुजीत, अवनीष, विक्रम, अर्पित, रोहित, देवानंद, चंचल, तुषार तथा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पाक विदेश मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपाई।

विकास की सुसज्जा में लालगंज नगर पंचायत प्रदेश में होगी मिसालः प्रमोद तिवारी

कांग्रेस के नगर पंचायत कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर शनिवार को टाउन एरिया के पार्टी कार्यकताओं का एक दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

कार्यालय परिसर मे खचाखच भरे समर्थको व कार्यकर्ताओ के हुजूम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज नगर पंचायत मे विधायक मोना के प्रयास से जारी बहुउददेश्यीय विकास परियोजनाएं इस नगर को आदर्श विकास के नगर के रूप मे प्रदेश के नगर निकाय के लिए मिसाल साबित होगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज को प्रशासनिक तथा आर्थिक एवं व्यापारिक विकास के साथ जनसुविधाओं की भी सुसज्जा का बेहतर वातावरण प्रदान करते हुए इसे आत्मनिर्भर सर्वश्रेष्ठ विकसित लालगंज का भी दर्जा दिलाया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने नगर पंचायत को अव्वल बनाए रखने के लिए यहां विकास के स्वच्छ वातावरण तथा अमन व शांति को प्राथमिकता दिए जाने का ऐलान किया। उन्होने नगर पंचायत मे विक्टोरिया लाइट तथा विकास की उर्जा से जुड़े अन्य आदर्श परियोजनाओं को जारी रखने का भरोसा दिलाते हुए लालगंज टाउन एरिया को विकास के प्रकाश से सदैव जगमग बनाये रखने पर भी जोर दिया। उन्होनें मौजूदा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के भी नगर विकास मे मिले हर कदम पर सहयोग की भी जमकर सराहना की। सम्मेलन का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। प्रारम्भ मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने स्वागत भाषण तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने आभार जताया। सम्मेलन का संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद प्रमोद तिवारी व साथ में विधायक मोना।

अफीम कोठी में पेंशनर दिवस का किया गया आयोजन, नौ पेंशनरों को किया गया सम्मानित

पेंशनर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में अतिरिक्त उपजिलाधिकारी जीतेन्द्र पाल की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का भव्य आयोजन किया गया। पेंशनर दिवस में उपस्थित सेवानिवृत्त कार्मिकों/पेंशनरों व अन्य के स्तर से भिन्न भिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनके निस्तारण के सम्बन्ध में अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वारा त्वरित प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। वरिष्ठ कोषाधिकारी के स्तर से सेवानिवृत्तिक देयकों व चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावे के भुगतान एवं कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ0प्र0 शाखा प्रतापगढ़ के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के सम्बन्ध में यह समस्या बतायी गयी कि मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतापगढ़ के कार्यालय के स्तर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे का तकनीकी परीक्षण के दौरान उपचार पर हुये व्यय बाउचर्स में धनराशियों की अधिक मात्रा में कटौती की जाती है जो कि संगत शासनादेशों के विपरीत है। पेंशनर दिवस के अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध 9 पेंशनरों क्रमशः राम बहादुर, राम नेवाज पाल, गिरधारी लाल विश्वकर्मा, राम लखन सरोज, राजाराम पाण्डेय, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, महेन्द्र नाथ तिवारी, राम प्रकाश श्रीवास्तव व राम सजीवन पाण्डेय को शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा रमेश सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश तथा विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुये अधिकारी/कर्मचारीगण व वयोवृद्ध पेंशनर्स उपस्थित रहे।

नवयुग क्रिकेट टीम एकेडमी ने जीता चैम्पियंस कप

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में स्वर्गीय दीपक की पावन स्मृति में प्रतापगढ़ चैंपियंस कप का उद्घाटन मैच खेला गया यह मैच 35 ओवर का वनडे मैच हुआ जिसके मुख्य अतिथि के रूप में विनय सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सदर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को उनके भविष्य की अग्रिम बधाई दी और मैच प्रारंभ कराया। आज का मैच एनएससी ए क्रिकेट एकेडमी रायबरेली और नवयुग क्रिकेट एकेडमी सुल्तानपुर के बीच खेला गया पहले टॉस जीतकर नवयुग क्रिकेट एकेडमी सुल्तानपुर के खिलाड़ियों ने 236 रन बनाए जिसमें शोएब ने 86 शिवांश मिश्रा ने 21 रन वीरेंद्र शुक्ला टाइगर ने 45 रनों का योगदान दिया एनएसीए की तरफ से परवीन कुमार 7 ओवर में 58 रन देकर तीन विकेट लिए और अंकुर शुक्ला ने 7 ओवर में एक मैडम 48 रन देकर दो विकेट लिए जवाब देने उत्तरी एनएससीए क्रिकेट अकैडमी रायबरेली मात्र 33.4 ओवर में 207 रन पर ही सिमट गई जिसमें अनिल त्रिवेदी की शानदार बैटिंग 53 रन बनाए अभिषेक शुक्ला ने 60 रन और सुमित कांत ने 29 रनों की सहभागिता की नवयुग क्रिकेट एकेडमी सुल्तानपुर की तरफ से आदर्श सिंह ने 5 ओवर में 2 विकेट हासिल किए शोएब ने 7 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया मुकुल चैधरी ने 4 ओवर में 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया अमन पांडे ने 7 ओवर में 38 रन देकर एक विकेट हासिल किया शिवांशीश मिश्रा ने 6.4 ओवर में 32 रन देकर 5 विकेट हासिल किए इस मैच के मैन आफ द मैच शोएब रहे।

साथी के निधन पर न्यायालय के कर्मचारियों ने जताया शोक संवेदना

दीवानी न्यायालय परिसर में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की एक शोक सभा दीवानी न्यायालय परिसर में जिला जज प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय की अगुवाई में आयोजित किया गया। उक्त शोक सभा में दीवानी न्यायालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। शोक सभा में कुंडा न्यायालय में बतौर लिपिक तैनात रहे नसीमुद्दीन के अकस्मिक हुए निधन पर कर्मचारियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र धर द्विवेदी ने दिवंगत नसीमुद्दीन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि नसीमुद्दीन एक ऐसे साथी थे जो कर्मचारियों के हितों के लिए कभी पीछे नहीं हटे,जिला मुख्यालय पर भी अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने कार्यों को सेवा भावना के रूप में निभाया है। उनके निधन से समूचा कर्मचारी संघ दुरूखी है। इस मौके पर संघ के महामंत्री कमलेश सिंह व चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर आरबी सिंह ने संयुक्त रूप से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नसीमुद्दीन एक ऐसे कर्मचारी थे जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन किया करते थे उनके न रहने से हम लोगों ने एक ऐसा साथी खो दिया है, जिसका भरपाई भविष्य में संभव नहीं है। इस मौके पर कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुरूख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से राकेश मिश्र, नितिन त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, राघवेंद्र, छोटेलाल, मिन्नतुल्लाह सोहेल, राहुल शर्मा, मोहित मिश्र,सतेंद्र भट्ट,रमेश, रजनीश मिश्र, अजीत, वरुण तिवारी, राजेश त्रिपाठी,औतम गिरी, राम शंकर द्विवेदी, सूर्य प्रकाश पांडेय, विनोद,रवि, सुनील पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

दिल का दौरा पड़ने से निधन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत संग्रामपुर के किसुनदास पुर गाव निवासी वासुदेव पाण्डेय (85) वर्षीय की गुरुवार की देर रात लगभग दो बजे अचानक सीने में तेजी से दर्द उठा जिनको परिजन लोग एम्बुलेंस से सीएचसी कालाकांकर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई जिनका कालाकांकर गगाघाट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमें ग्राम प्रधान जोखूलाल यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। बता दे कि मृतक वासुदेव पाण्डेय जिला मुख्यालय प्रतापगढ़ के इनकमटैक्स आफिस में केंद्र सरकार के यूडीसी पद पर कार्यरत रहे जो 1997 में रिटायर होकर अपने पैतृक घर मे रहकर खेती बाड़ी की देखभाल करते थे। जो बड़े ही मृदुल स्वभाव के थे जिनके अचानक निधन से समूचा क्षेत्र स्तंभ रह गया। सात्वना देने वालो का तांता घर पर लगा रहा।

समाजसेवी के आकस्मिक निधन पर गांव में छाया मातम

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी तहसील क्षेत्र के कुकुवार गांव के रहने वाले समाजसेवी राजेश पांडे का आकस्मिक निधन हो गया जिस पर परिवारी जनों के साथ गांव में मातम छा गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के कुकुवार गांव के रहने वाले राजेश पांडे समाजसेवी थे। समाजिक कार्यो में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे । 38 साल की उम्र में अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण उनकी तबियत खराब हुई। परिजन आनन-फानन में उन्हें प्रयागराज ले गए इलाज के दौरान शुक्रवार की रात एक बजे उनका निधन हो गया जिस पर परिजनों के आंसू नहीं थम रहे हैं वही गांव में मातम छाया हुआ है उनकी मौत की सूचना पर सभी लोग उनके घर पर सांत्वना देने के लिए शनिवार को पहुंचे।

एक ही परिवार के तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

चित्रकूट जा रहे बाइक सवार तीन युवकों का शुक्रवार देर रात्रि राजापुर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पलरा गांव के एक ही परिवार के तीन युवक शुक्रवार की रात्रि बाइक से चित्रकूट जा रहे थे जैसे ही तीनों युवक राजापुर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित निरंकारी सत्संग आश्रम के पास पहुंचे सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तीनों बाइक सवारों को कुचल दिया जिससे बाइक सवार तीनो युवक सड़क पर गिर पड़े और देखते-देखते तड़प तड़प कर घटनास्थल पर बाइक सवार तीनो युवको की मौत हो गई हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया पुलिस ने जेब में मिले परिचय पत्र

शव पहुंचते ही रोते बिलखते परिजन।

के आधार पर मृतकों के घर सूचना भेजी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी मिलते ही परिवारी जन और ग्रामीण चित्रकूट पहुंच गए तीनों युवक के शव का पोस्टमार्टम शनिवार को चित्रकूट जनपद में हुआ पोस्टमार्टम हाउस से शव लेने के बाद परिवारी जन वापस अपने गांव पलरा लौटे पहुंचे एक साथ तीन युवकों के शव देखते ही परिवार के साथ पूरे गांव में कोहराम मच गया शव देखकर परिवारी जन रोते-रोते बेहोश हो गए लोगों ने उन्हें सांत्वना दी हादसे में 3 लोगों की मौत के बाद पूरा गांव शोक में डूबा है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पलरा गांव निवासी अंकित कुमार त्रिपाठी उम्र 23 वर्ष पुत्र महेंद्र कुमार त्रिपाठी अपने परिवार के विवेक कुमार त्रिपाठी उम्र 20 वर्ष पुत्र राम प्रकाश त्रिपाठी और विनय कुमार त्रिपाठी उम्र 22 वर्ष पुत्र कल्लू प्रसाद त्रिपाठी के साथ बाइक से शुक्रवार की रात्रि 8:00 बजे चित्रकूट जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार राजापुर थाना क्षेत्र के हाईवे में निरंकारी सत्संग आश्रम के पास पहुंचे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया था जिससे तीनों युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई है दुर्घटना के बाद वाहन सवार फरार हो जाने में सफल हो गया है पोस्टमार्टम हाउस से तीनों युवकों के शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरे गांव में कोहराम मच गया शनिवार के दिन पलरा गांव में मातम का माहौल रहा चारों ओर चीख-पुकार मची रही।

डीएम एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

78 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों को मौके पर किया निस्तारित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आम-जन की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अन्य शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दियें।

तहसील दिवस में समस्याएं सुनते डीएम एसपी।

उन्होंने समाधान दिवस में जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुपस्थित पाये जाने पर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 78 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता मोहर्रम अली निवासी ग्राम-घोसियाना द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि गाँव के कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी, सिराथू को जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार प्रार्थी रफीक अहमद निवासी ग्राम-अफजलपुर सातों द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि ग्राम समाज की भूमि पर ग्राम प्रधान द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें शिकायतकर्ता शसवेंश कुमार पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी में नाला बनाया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ सिराथू को प्रकरण की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील चायल में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील मंझनपुर में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी श्री राहुल देव भट्ट सहित अन्य सम्बन्धित

हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। 16 अक्टूबर 2019 को थाना कोखराज पर महिला की मार-पीट कर हत्या करने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिससे सम्बन्धित अभियुक्तों रामचन्द्र पुत्र स्व0 दूजे व चौबे लाल पुत्र रामचन्द्र निवासीगण मारुफपुर अमहा थाना कोखराज को आज न्यायालय एडीजे प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 15-15 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनो को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 81 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना महेवाघाट से तीन, थाना सराय अकिल से दो थाना पिपरी से तीन कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

सैकड़ों वर्षो पुराने मकान के अभिलेखों में हेराफेरी कर भू माफियाओं ने दर्ज कराया अपना नाम

आयुक्त ने यदि कराई जांच तो तत्कालीन सदर एसडीएम तहसीलदार के साथ लेखपाल कानूनगो और भू माफिया के कारनामे होंगे उजागर

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सदर तहसील अंतर्गत पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर आदमपुर बिसौना निवासी सुग्रीव कुमार पुत्र भगवान दीन के पूर्वजो के सैकड़ों वर्ष पुराने मकान के अभिलेखों में सदर प्रयागराज एसडीएम तहसीलदार लेखपाल कानूनगो की मिलीभगत से बमरौली निवासी एक भूमाफिया ने अभिलेखों में कूट रचना का अपना नाम खतौनी में दर्ज करा लिया है।

मामले की शिकायत पीड़ित सुग्रीव कुमार ने कौशांबी पुलिस अधीक्षक और आयुक्त प्रयागराज मंडल से की है। शिकायत कर्ता ने बताया कि उसके परिवार के 10 पीढ़ी लगभग 300 वर्षों से आराजी संख्या 37 पर मकान बना कर निवास कर रहे हैं इसी भूमि पर 50 वर्षों पहले उसके पूर्वजों ने विद्युत कनेक्शन भी ले रखा है लेकिन इसी भूमि पर भू माफिया देवी प्रसाद गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता निवासी बमरौली प्रयागराज ने फर्जी तरीके से कूट रचना के माध्यम से तत्कालीन उपजिलाधिकारी सदर तहसीलदार सदर लेखपाल और कानूनगो से सांठगांठ करके आराजी संख्या 37 को छोटेलाल आदि के नाम दर्ज करा लिया मामले की शिकायत तत्कालीन जिलाधिकारी प्रयागराज से हुई जिस पर डीएम प्रयागराज ने सुनवाई के बाद आराजी संख्या 37 नवीन परती जमीन से देवी प्रसाद गुप्ता आदि का नाम निरस्त करते हुए 06 अगस्त 2010 को आदेश पारित कर आबादी में जमीन दर्ज करा दिया जिस पर पहले से सुग्रीव के पूर्वजों का मकान बना हुआ था।

लेकिन इतने पर भी तहसील के अधिकारी और भूमाफिया नहीं माने और उन्होंने जिलाधिकारी के आदेश के बाद फिर उप जिलाधिकारी सदर तहसीलदार सदर कानूनगो और राजस्व लेखपाल की साठगांठ से सरकारी अभिलेखों में कूट रचना हेराफेरी फ्राड करके देवी प्रसाद पुत्र छोटेलाल निवासी बमरौली प्रयागराज आदि का नाम अंकित कर लिया जो वर्तमान की खतौनी में अंकित है फर्जी तरीके से खतौनी में नाम दर्ज कराने के बाद पैतृक मकान पर बुलडोजर लगाकर मकान को धराशाई करने का प्रयास बार बार भूमाफिया देवी प्रसाद और उनके दर्जनों समर्थक कर रहे हैं आराजी संख्या 37 के अभिलेखों में हेराफेरी प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए शिकायतकर्ता ने दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है। 15 दिसंबर 2022 को देवी प्रसाद अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बुलडोजर लेकर सुग्रीव के पैतृक घर को गिराने पहुंचा जिस पर उसके परिजनों के मना करने पर देवी प्रसाद और उसके दर्जनों समर्थक गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने लगे सार्वजनिक तरीके से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर अपमानित किया। शिकायतकर्ता ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है और मामले में उच्चस्तरीय जांच कराते हुए आराजी संख्या 37 में कूट रचना फ्रॉड करने वाले देवी प्रसाद और तत्कालीन उपजिलाधिकारी सदर तत्कालीन तहसीलदार सदर कानूनगो लेखपाल के नाम धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराते हुए इनकी गिरफ्तारी कराई जाए पूर्व जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 08 अगस्त 2010 का पालन कराया जाए अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन पर कब्जा की नियत रखने के मकसद से बुलडोजर लेकर घर गिराने पहुंचने वाले देवी प्रसाद पुत्र छोटेलाल और उनके दर्जनों समर्थकों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए मेरे पैतृक संपत्ति को गिराने से रोका जाए।

प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानित बोल से भड़के भाजपाइयों ने बिलावल भुट्टो का फूंका पुतला

मुख्यालय मंझनपुर चौराहे पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री का भाजपाइयों ने फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के खिलाफ अपमानजनक बोल के चलते पूरे भारत के लोगों पर गुस्सा है शनिवार को बड़ी संख्या में उतरे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्यालय मंझनपुर चौराहे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। इस मौके पर भाजपाइयों ने पाकिस्तान को आतंकी देश बताते हुए उनके खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर बोलते हुए सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पाकिस्तान

पाकिस्तान के मंत्री का पुतला फूंक रहे भाजपाई।

पूरी तरह से टूट चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कदम ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोल दिया है आज पूरी दुनिया में अगर पाकिस्तान की पहचान कुछ बची है वह महज आतंकी पैदा करने की फैक्ट्री के रूप में है। ऐसे में वहां की विदेश मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ जो बोला गया है वह पूरी तरह से देश के गरिमा के खिलाफ है। इस मौके पर पुतले को जलाते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पूरे देश में पाकिस्तान के विदेश मंत्री के खिलाफ गुस्सा है और पूरे देश में इस तरह के कार्यक्रम हो रहे हैं जो दिखाता है कि भारत के प्रत्येक नागरिक अपने देश के प्रधानमंत्री का सम्मान करते हैं और उनके साथ खड़े हैं। आज देश की जनता विदेश मंत्री जो पाकिस्तान का प्रतिनिधि करते हैं उनका पुतला फूंक रही है वह दिखाता है कि भारत देश का प्रधानमंत्री भारत के 135 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रभारी अनिल सिंह, धर्मराज मोर्या, अजय पांडे, वेद प्रकाश सत्यार्थी, लाल बहादुर, ज्योति के शरवानी, हुबलाल दिवाकर, लव-कुश मौर्या, दिनेश पाण्डेय, महेश लोधी, दिलीप अग्रहरी, तिलक तिवारी, ब्रिजेश लोधी, पप्पू गौतम, आशा रानी, अशोक चौधरी, रूपेन्द्र शर्मा, चंद किशोर मिश्रा, आलोक तिवारी, तेजप्रताप, रिंकू पांडे, करण सिंह, बुद्धसेन, रामकिशोर, योगेंद्र कुमार, रमाकांत शर्मा, सेन बाबू, सत्यम केशरवानी, राजकमल पाल, जय चन्द्र मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या

एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आज मोबाइल के उपयोग एवं दुरुपयोग विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें क्लास 11इँ सीबीएसई और क्लास 12इँ सीबीएसई के छात्र छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई दोनों पक्षों ने मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग पर प्रकाश डाला इस दौरान एक बहुत ही रोमांचकारी प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा किया और अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा के आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास होता है ।

संस्थान के छात्र छात्राओं ने कोरोना काल के समय मोबाइल की उपयोगिता को बड़े बारीकी से व्याख्या किया एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने मोबाइल की उपयोगिता और दुरुपयोग दोनों के माध्यम से संदेश दिया कि अगर आप सकारात्मक सोच के साथ किसी कार्य को करते हैं तो आपका जीवन सकारात्मक होगा और अगर आप किसी चीज का दुरुपयोग करेंगे उस अवस्था में आपका जीवन भी नकारात्मक हो जाएगा इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा दीपक जी, आर पी चतुवेर्दी नीरज शर्मा आलोक यादव रंजीत सिंह सत्यानंद आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करती संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार।

बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक की मौत एक गंभीर घायल

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अम्बर ढाबा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अम्बर ढाबा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार अपरान्ह करीब 3 बजे 2 मोटरसाइकिल सवारों में आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गयी जिसमे दोनों बाइक सवार गम्भीर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजवाया इलाज को ले जाते वक्त एक बाइक सवार की रास्ते में मौत हो गई है और दूसरा बाइक सवार घायल है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सरताज उम्र तकरीबन 21 वर्ष पुत्र शाहिद अली निवासी वार्ड नं 5 अजमत पुर नगर पंचायत अझुवा से बाइक से सैनी की तरफ जा रहा था अम्बर ढाबा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसी लेन से महेंद्र सिंह यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी लोहदा ,अझुवा की तरफ आ रहे थे ।अम्बर ढाबा से कुछ दूर पहले ही दोनों बाइक सवारों में आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गयी दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर तड़पने लगे मौके पर पहुंचे तमाम राहगीरों की सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया किंतु सरफराज की रास्ते मे ही मौत हो गयी दूसरा बाइक सवार गम्भीर घायल है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया गम्भीर स्थिति में डॉक्टरों ने प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रिफर किया है अझुवा चौकी पुलिस मामले की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

बाइकों की टक्कर के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़।

मलेरिया मरीज के दवा का कोर्स पूरा कराने पर आशा को मिलेंगे 200 रुपए पारिश्रमिक

कौशाम्बी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मलेरिया के एक मरीज की स्लाइड बनाने पर आशा को कार्यकर्ता को 15 रुपये मानेदय व दवा का कोर्स पूरा कराने पर 75 रुपए मिलता रहा है लेकिन अब वह शासन स्तर से उसको बढ़ाकर 200 रुपए कर दिया गया है। इस बारे में विभागीय स्तर से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व प्रभारी चिकित्साधिकारियों समेत सभी आशा को अवगत करा दिया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि जिला अस्पताल समेत सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 26 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मलेरिया की जांच सुविधा है। हर केन्द्र पर दवा का वितरण भी किया जा रहा है। हर केन्द्रों पर विभाग की ओर से बैनर व पम्पलेट के जरिए जागरूक भी किया जा रहा है। जनवरी से अभी तक जनपद में 19 मरीज सामने आए हैं, जिन्होंने पूरा इलाज किया और सभी स्वस्थ हैं। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि मलेरिया से बचाव का सबसे बेहतर उपाय है कि पूरे बांह के कपड़े पहनें मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, घर में मच्छररोधी अगरबत्ती का इस्तेमाल करें । घरों के आस पास कीटनाशकों का छिड़काव करें, खुली नालियों में मिट्टी का तेल डालें ताकि मच्छरों के लार्वा न पनपने पाएं, जाली वाले दरवाजे लगवाएं । इन उपायों के बावजूद अगर लक्षण दिखें तो मलेरिया की जांच करवा कर इलाज करवाएं जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि बुखार, सिर दर्द, उल्टी होना,मन मिचलना, ठण्ड लगना,चक्कर आना, थकान, पेट दर्द आदि मलेरिया के लक्षण हैं और इनसे बचाव करें।

महिला के अर्ध निर्मित घर में जबरिया हो रहा कब्जा

अदालत में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद एसडीएम के निर्देश पर थानेदार ने नहीं रोका अवैध निर्माण

अखंड भारत संदेश

कल्यानपुर कौशाम्बी सिराथू तहसील क्षेत्र के कल्यानपुर की माया देवी पुत्री राम सुचित के अर्ध निर्मित घर पर उसकी बड़ी माता सुग्गन देवी ने विवाद की स्थिति उत्पन्न कर दी पहले सुग्गन देवी ने मकान को माया देवी को विक्रय कर रकम ले लिया माया देवी ने मकान खरीदने के बाद मकान में आधा निर्माण कर लिया आर्थिक तंगी के चलते वह पूरा मकान का निर्माण नहीं कर सकी उसके बाद सुग्गन देवी ने विवाद उत्पन्न कर दिया जिस

पर माया देवी ने उप जिला अधिकारी सिराथू की अदालत में मुकदमा दाखिल किया उप जिलाधिकारी सिराथू की अदालत में दाखिल मुकदमा अभी विचाराधीन है लेकिन इसी बीच गांव के बॉसदेव पुत्र श्रीनाथ ने महिला माया देवी के अर्ध निर्मित घर पर निर्माण शुरू कर कब्जा करना शुरू कर दिया है।

जब माया देवी ने वासुदेव को मकान में निर्माण से रोका तो वासुदेव ने माया देवी के साथ गाली गलौज मारपीट किया है मामले की सूचना फिर माया देवी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को दी है एसडीएम सिराथू ने कोखराज थानेदार को विधिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है अदालत में मुकदमा दाखिल और एसडीएम के आदेश के बाद भी अर्ध निर्मित मकान में जबरिया हो रहे निर्माण को कोखराज पुलिस नहीं रोक सकी है अधिकारी के आदेश के बाद भी अर्ध निर्मित घर पर जबरिया कब्जा किया जा रहा है और महिला न्याय के लिए दर-दर भटक रही है।

संपादकीय

उम्र से जुड़े इंतजार में दो बिल

उम्र को लेकर सियासत हमेशा सतर्क रहती है। इस घटाने-बढ़ाने के साथ-साथ वह अपने वोटों का गणित भी साधती रहती है लेकिन जब मामला सेहत और सशक्तिकरण का हो तो फैसले लटकने नहीं चाहिए। उम्र से जुड़े यूं तो दो विधेयकों पर फैसले लंबित हैं लेकिन एक को लंबे समय से अंतिम फैसले का इंतजार है। फिलहाल बात उस बिल की जो युवा शक्ति को कम उम्र में चुनाव लड़ने की सहूलियत देना चाहता है। इससे पहले की सरकारों ने वोट देने की उम्र को 21 से घटाकर 18 वर्ष किया था। इस बार जिस मामले से उम्र जुड़ बैठी है वह चुनाव लड़ने की है। अब सरकार लोकसभा और विधानसभा के लिए उम्मीदवार की उम्र 25 से 21 या 18 कर देने का मन बना रही है। सदन के एक सदस्य ने निजी हैसियत से ऐसा बिल पेश किया है जिसमें सांसद और विधायक के और युवा होने का ब्यौरा है। तर्क यह है कि जब देश की 65 फीसदी आबादी 35 से कम उम्र की है तब क्यों नहीं उन्हें चुनाव लड़ने का हक भी मिलना चाहिए? दूसरा तर्क यह है कि जब 18 की उम्र में वह नेता को चुन सकता है तो खुद नेता क्यों नहीं बन सकता? तीसरा तर्क है कि जब पंचायत और नगर निकायों का चुनाव 21 साल की उम्र में लड़ा जा सकता है तब सांसद और विधायक का क्यों नहीं? इन तर्कों के विश्लेषण से पहले एक तथ्य यह कि हमारी लोकसभा एक बुजुर्ग सदन है जहां फिलहाल 543 में से केवल आठ सांसद ही तीस की उम्र के हैं। साफ है कि इच्छाशक्ति की कमी सियासी दलों में ही है। नया कानून बन भी जाएगा लेकिन ये टिकट युवाओं को देंगे, इसमें संशय रहेगा। देखा गया है कि उम्रदराज नेता अपनी सीट छोड़ना नहीं चाहते। ऐसा कभी नहीं देखा गया कि किसी सांसद ने जीते जी अपनी सीट किसी युवा के लिए छोड़ी हो। बीते शुक्रवार राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह ने निजी हैसियत से संविधान संशोधन के लिए एक बिल पेश किया जिसमें चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की उम्र 25 से घटाकर 21 साल करने की बात थी। बिल के पक्ष में 'हां' की आवाज ज्यादा थी इसलिए इसे स्वीकार कर लिया गया। चौधरी जयंत सिंह ने बाद में ट्वीट किया-'युवा भारत को राजनीतिक मुख्यधारा में लाने के लिए मेरी पहल। सिफ मतदान नहीं, विधानपालिका में सदस्य के रूप में देश को कुशल नेतृत्व प्रदान करने का अधिकार।'

भ्रष्टाचारियों से कैसे निपटें?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सुप्रीम कोर्ट ने रिश्वतखोर सरकारी नौकरों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। अब उनका अपराध सिद्ध करने के लिए ऐसे प्रमाणों की जरूरत नहीं होगी कि रिश्वत देनेवाला और लेनेवाला खुद स्वीकार करे कि मैंने रिश्वत दी है और मैंने रिश्वत ली है। यदि वे खुद स्वीकार न करें या अपने कथन से पलट जाएं या उनमें से कोई मर जाए तो भी अदालत को न्याय जरूर करना होगा। अदालतों को चाहिए कि वे दूसरे प्रमाणों की खोज भी करें। जैसे गवाहों से पूछें, बैंक के खाते तलाशें, रिश्वतखोरों की चल अचल-संपत्तियों का ब्योरा इकट्ठा करवाएं, उनके परिवारों के रहन-सहन और खर्चों का कच्चा चिट्ठा तैयार करवाएं, सरकारी कागजातों को खंगलवाएं आदि कई प्रमाणों के आधार पर रिश्वत के लेन-देन को पकड़ा जा सकता है। अब तक रिश्वत के कई मामले रास्ते में ही बिखर जाते रहे हैं, लेकिन रिश्वत विरोधी कानून की इस नई व्याख्या के कारण अब ज्यादा मामले पकड़े जा सकेंगे। लेकिन भारत में रिश्वतखोरी यानी भ्रष्टाचार तो राजनीतिक शिष्टाचार बन चुका है। इसका बोलबाला तो हमारे पड़ोसी देशों में इतना ज्यादा है कि हम भारतीय उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। कुछ देशों के नेताओं, फौजियों और अफसरों के ठाठ-बाट देखकर आप अपने आप से पूछेंगे कि ये लोग क्या अरबपति या खरबपति हैं? नेताओं की चोटी से निकली भ्रष्टाचार की वैतरणी नदी सरकार के चपरासी तक सबको गंदा करती चली जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। स्वयं न्यायपालिका भी भ्रष्टाचार की इस वैतरणी में गोता खाने से बाज नहीं आ पाई है।

भ्रष्टाचार ने हमारी राजनीति, प्रशासन, न्याय और सार्वजनिक जीवन को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फिलहाल जो कानूनी सुधार सुझाया है, उसका थोड़ा-बहुत असर जरूर होगा लेकिन भ्रष्टाचार को यदि जड़-मूल से खत्म करना है तो हमें कई अत्यंत कठोर कदम उठाने होंगे। सबसे पहले तो नेताओं और अफसरों और उनके परिजन की चल-अचल संपत्ति तथा आय-व्यय का ब्योरा प्रतिवर्ष सार्वजनिक करना अनिवार्य किया जाए। दूसरा, भ्रष्ट नेताओं और अफसरों पर चलने वाले मुकदमों के फैसलों की समयावधि तय की जाए। तीसरे, कुछ अत्यंत भ्रष्ट नेताओं, अफसरों और भ्रष्टाचार करनेवालों को आजीवन कारावास और फांसी की सजा भी दी जाए ताकि भावी भ्रष्टाचारियों के रोंगटे खड़े हो जाएं। चौथा, देश में सादगी और अपरिग्रह के आदर्शों का प्रचार खुद राजनेता, संपन्न सेठ लोग, नौकरशाह, धर्मध्वजीगण भी करें और अपना जीवन वैसा ही बनाकर लोगों के सामने जीवंत उदाहरण भी पेश करें।

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

शतायु का विज्ञान, औषधीय पौधों में छिपा ज्ञान

हृदय नारायण दीक्षित

आधुनिक सभ्यता तमाम अंतर्विरोधों से भरी पूरी है। मानसिक रोग बढ़े हैं। आयुर्वेद के प्रतिष्ठित ग्रंथ चरक संहिता में कहा गया है- 'ईर्ष्या , शोक, भय, क्रोध आदि अनेक मनोविकार हैं। जब मन और बुद्धि का समान योग होता है। दोनों का संतुलन ठीक रहता है। जब इनका अयोग, अतियोग और मिथ्यायोग होता है। तब रोग पैदा होते हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया रोग उपचार के लिए आयुर्वेद की प्राचीन पद्धति की ओर लौट रही है। आयुर्वेद भारत का प्राचीन स्वास्थ्य विज्ञान है। बीते सप्ताह गोवा में विश्व आयुर्वेदिक कांग्रेस में अनेक विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के सूत्रों पर व्यापक चर्चा की। सम्मेलन में ह्यऔषधीय पौधों के संरक्षण की जरूरतेंह्य विषय पर एक सत्र हुआ। कहा गया है कि भारत में 900 प्रमुख औषधीय पौधों के 10 प्रतिशत खतरे की श्रेणी में हैं। पृथ्वी हर 2 साल में एक संभावित औषधि खो रही है। इसके विलुप्त हो जाने की दर सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया के सापेक्ष 100 गुना तेज है। यह चिंता का विषय है। भारत का स्वास्थ्य विज्ञान कम से कम ई.पू. 2500 से 1500 वर्ष प्राचीन है। ऋग्वेद में तमाम उपचारों व औषधियों का उल्लेख है। ऋग्वेद (10-97) में कहते हैं कि औषधियों का ज्ञान तीन युग पहले से है। यहां युग शब्द का प्रयोग किसी बड़ी अवधि के लिए हुआ है। स्वस्थ रहते हुए 100 बरस जीना वैदिक ऋषियों की अभिलाषा रही है। ऋषि बताते हैं कि 'औषधियों के सैकड़ों जन्म क्षेत्र हैं। ये कुछ फल वाली हैं और कुछ फूल वाली। औषधियों का प्रभाव शरीर के प्रत्येक अंग पर होता है।' मैक्डनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स (खण्ड 2) में लिखा है- 'भारतवासियों की रुचि शरीर रचना से सम्बंधित चिंतन की ओर बहुत पहले से थी।' उन्होंने अथर्ववेद के हवाले से शरीर के अंगों से संबधित सूक्त का उद्धरण दिया है। इस विवरण को व्यवस्थित बताया है। ऋग्वेद में अश्विनी कुमारों को आयुर्विज्ञान का विशेषज्ञ बताया है। ग्रिफ्थ ने उन्हें अंधों, दुबलों और टूटी हड्डी जोड़ने वाला सुयोग्य चिकित्सक बताया है।

आधुनिक सभ्यता तमाम अंतर्विरोधों से भरी पूरी है। मानसिक रोग बढ़े हैं। आयुर्वेद के प्रतिष्ठित ग्रंथ चरक संहिता में कहा गया है- 'ईर्ष्या , शोक, भय, क्रोध आदि अनेक मनोविकार हैं। जब मन और बुद्धि का समान योग होता है। दोनों का संतुलन ठीक रहता है। जब इनका अयोग, अतियोग और मिथ्यायोग होता है। तब रोग पैदा होते हैं।' चरक संहिता में गहरी निद्रा को महत्वपूर्ण बताया गया है। कहते हैं 'अच्छी निद्रा के कारण ज्ञानेन्द्रियों की उचित प्रवत्ति होती है। अनिद्रा में ज्ञानेन्द्रियों की उचित प्रवत्ति नहीं होती। अनिद्रा के कारण तमाम मानसिक विकार पैदा होते हैं।' इसका उलटा भी होता है। मानसिक चिंता और विकार से भी अनिद्रा बढ़ती है। अथर्ववेद आयुर्वेद का मूल ग्रंथ माना जाता है। अमेरिकी विद्वान ब्लूम फील्ड ने अथर्ववेद पर लिखी किताब में बुखार का मजेदार उल्लेख किया है- 'ज्वर शरीर को आग की तरह तपाता है। कभी सर्दी के साथ आता है। कभी अपने भाई कफ को साथ लाता है। ज्वर की बहन खांसी भी साथ आती है। यक्षमा (टी.बी.) उसका भतीजा है। शरद, ग्रीष्म और वर्षा से सम्बंध रखने वाले सभी ज्वरों को हम दूर भगाते हैं।' आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने बेशक उल्लेखनीय प्रगति की है। उसकी अपनी प्रतिष्ठा है। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के विद्वानों में आयुर्वेद का प्रभाव बढ़ रहा है। आयुर्वेदिक औषधियों की मांग बढ़ी है। प्राचीन काल में प्रदूषण की ऐसी स्थिति नहीं थी। प्रदूषण बढ़ा। चरक संहिता के अनुसार सैकड़ों वर्ष पहले जब रोग बढ़े तब विद्वान चिंतित हुए। विद्वानों ने हिमालय के किसी स्थान में विद्वानों की बैठक बुलाई। रोगों के बढ़ने पर चर्चा हुई। तय हुआ कि भरद्वाज इन्द्र के पास जाएं और रोग दूर करने का ज्ञान लेकर सभा को बताएं। इन्द्र इतिहास के पात्र नहीं हैं। वे प्रकृति की शक्ति हैं। यहां इन्द्र के पास जाकर ज्ञान लेने का अर्थ यह हो सकता है कि भरद्वाज अनेक विद्वानों से ज्ञान लाएं और इस सभा को बताएं। भरद्वाज ने प्राप्त ज्ञान आत्रेय को बताया। आत्रेय ने अग्निवेश को बताया। संवाद के आधार पर चरक संहिता की रचना हुई। बड़ी बात है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज सम्पूर्ण मानवता के स्वास्थ्य के लिए चिंतित थे। लोकतांत्रिक ढंग से बैठक करते थे। वैदिक ऋषियों के लिए यह संसार आसार नहीं है। यह कर्म क्षेत्र है, धर्म क्षेत्र है, तप क्षेत्र है और आनंद क्षेत्र है। संसार में सक्रियता के लिए स्वस्थ शरीर और दीर्घ जीवन अपरिहार्य है। जन्म से लेकर मृत्यु तक का समय आयु है। स्वस्थ आयु समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी है। चरक संहिता में आयुर्वेद की सुन्दर परिभाषा है- 'जो आयु का ज्ञान कराता है वह आयुर्वेद है। आयुर्वेद आयु का उपदेशकर्ता है। यह सुखकारी असुखकारी पदार्थों का वर्णन करता है। हितकारी और अहितकारी पदार्थों का उपदेशक है। आयुवर्धक और आयुनाशक द्रव्यों के गुण धर्म का वर्णन करता है।' आयुर्वेद का जोर स्वस्थ जीवन और दीघार्यु पर है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का जोर रोग रहित जीवन पर है। रोग रहित होना अच्छी बात है। रोग दूर करने के लिए आधुनिक औषधियां लेना भी उचित है। लेकिन रोग रहित जीवन और स्वास्थ्य में आधारभूत अंतर है। स्वास्थ्य विधायी मूल्य हैं। स्वस्थ शरीर ही अध्यात्म और आत्मदर्शन का उपकरण है। चरक ने दीघार्यु के सभी सूत्रों पर अपने विचार प्रकट किए हैं। उन्होंने कहा है कि इस धरती पर ऐसी कोई वनस्पति नहीं है जो औषधि न हो। ऋग्वेद में वनस्पतियों को देवता भी कहा गया है। उन्हें अनेकशः नमस्कार किया गया है। इसके अनेक कारण हो सकते हैं। प्रत्यक्ष कारण वनस्पतियों द्वारा प्राणवायु और ऑक्सीजन देना है। अथर्ववेद के ऋषियों के अनुसार तत्कालीन समाज में वनस्पतियों औषधियों की जानकारी थी। अथर्ववेद के सुन्दर मंत्र में कहते हैं कि औषधियों का ज्ञान नेवला, सांप सभी पशु पक्षियों व हंसों को भी है। गिलोय प्रमुख औषधि वनस्पति है। यह शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है। पिपली भी एक औषधि वनस्पति है। कहते हैं कि लोकहित में देवगणों ने आपका उद्धार किया। यह देव और कोई नहीं ज्ञानी मनुष्य है। अथर्ववेद में इसकी प्रशंसा में कहते है,-'पिपली नाम की औषधि जीवन को निरोग और दीघार्यु देती है। ऋषि अथर्वा के इस सूक्त में स्वयं पिपली भी अपनी बात कहती है- ह्यह्यजिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी कष्ट में नहीं होगा।' विश्व सम्मेलन में औषधियों के नष्ट होने के गंभीर प्रश्न पर चिंता व्यक्त की गई है। ऋग्वेद, अथर्ववेद में प्रतिष्ठित शांति मंत्र है। शांति मंत्र में कहा गया है - 'अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। औषधियां वनस्पतियां भी शांत हों।' यहां शांति का अर्थ स्वस्थ होना है। अथर्ववेद (19-60) में सभी अंगों के स्वस्थ रहने की की प्रार्थना है-'हमारी वाणी स्वस्थ रहे। नासिका में प्राण प्रवाहित रहें। आंखों में उत्तम ज्योति व कानों में सुनने की शक्ति रहे। हमारे दांत स्थिर रहें। भुजाएं बलिष्ठ रहें। जांघों में बल रहे। पैरों में खड़े रहने की क्षमता बनी रहे। बाल श्वेत रंग रहित हों। आत्मबल भी बना रहे।' आधुनिक समाज की तरह बालों के काले बने रहने की मजेदार इच्छा प्राचीन है। दीघार्यु सूक्त (19-67) में कहते हैं-'हम 100 शरद जिएं। 100 शरद देखें। 100 शरद ज्ञान समृद्ध रहें। 100 शरद परिपुष्ट रहें। हम 100 शरद से अधिक जीवित रहें।' इसके लिए जल वायु का प्रदूषण रोकना व जैव वनस्पतियों का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

काशी-तमिल संगमम यज्ञ की पूर्णाहुति

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत दुनिया में एक ऐसा अकेला देश है, जिसमें विभिन्न राज्यों की अनेक संस्कृतियों कलाएं भाषाएं और बोलियां अलग अलग है, जो अपनी परंपराओं और पूर्वजों की मान्यताओं पर आधारित है। परंतु सभी की आत्मा एक है, इसी खूबसूरती का नाम भारत है, जहां अनेकता में एकता, एक भारत श्रेष्ठ भारत को देखकर विश्व हैरान अचंभित है कि, हमारे यहां एक परिवार भी ठीक से संयुक्त रखने में वैचारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जबकि भारत में हजारों लाखों बोलियों भाषाओं संस्कृति के अनेकों राज्यों को मिलाकर भारत एक है की थीम पर दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता हुआ आज उस मुकाम से कुछ ही कदम दूर खड़ा है, जिसे विश्व गुरु या विश्व का बादशाह की संज्ञा दी जा सकती है। चूंकि 19 नवंबर 2022 से लगातार एक माह तक चले काशी-तमिल समागम रूपी यज्ञ की 16 दिसंबर 2022 को पूणार्हुति हुई, या यूं कहें कि अनेकता में एकता वाली भारतीय संस्कृति बोलियों भाषाओं कलाओं के संगमम की जोरदार शुरूआत हुई है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारियों के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की विभिन्न संस्कृतियों के बीच समागम रूपी मंत्र से सेतु बनाकर नजदीकियां लाना एक और एक ग्यारह के बराबर ताकत लाना है। साथियों बात अगर हम हजारों वर्ष पूर्व के भारत की करें तो हमारी संस्कृति कलाएं भाषाएं बोलियां जरूर अलग-अलग हैं परंतु सभी की आत्माएं होकर अखंड स्वर्ण भारत का दर्जा प्राप्त थी, जिसपर अंग्रेजों की बुरी नजर पड़ी और हम गुलामी के साए में जकड़कर सैकड़ों वर्ष गुजारे जिससे हमारे भावों में कुछ कड़वाहट घोलने की कोशिश की गई, जिसे कट्टरता की ओर लेजाकर दो खंडों में बांटा गया, फिर आजादी के बाद अनुमानतः पहली बार दो शिखर संस्कृतियों कलाओं भाषाओं बोलियों का संगमाम काशी तमिल संगमम के रूप में एक माह तक चला जिसका उद्घाटन माननीय पीएम महोदय ने 19 नवंबर 2022 को किया था और उसका समापन आज माननीय केंद्रीय गृह मंत्री सहित अनेक माननीयों द्वारा किया गया, जिसे हम समापन नहीं समाज के एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखेंगे जो, हम सब एक हैं, इस जड़ को अधिक मजबूती प्रदान करने में कामयाब सिद्ध होंगे।

साथियों बात अगर हम काशी-तमिल संगमम के समापन समारोह की करें तो माननीय गृह मंत्री ने कहा,आज एक प्रकार से माननीय पीएम की काशी-तमिल संगमम की कल्पना की पूणार्हुति होने जा रही है, लेकिन ये पूणार्हुति नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति के दो शिखरों, यानी, तमिलनाडु की संस्कृति, दर्शन, भाषा, ज्ञान और पूरी दुनिया में मान्यताप्राप्त काशी नगरी के सांस्कृतिक मिलन की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था, एक गुलामी के लंबे कालखंड ने हमारी सांस्कृतिक एकता, विरासत की विविधता और अलग-अलग संस्कृतियों में भारतीयता की एकरूपता को कुछ हद तक मलिन किया था, जिसे पुनर्जागरण की जरूरत थी। श्री शाह ने कहा कि काशी तमिल संगमम का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में भारत की सांस्कृतिक एकता के पुनर्जागरण का एक उत्तम प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद एक समय ऐसा आया जब भारत की संस्कृतिक एकता में जहर घोलने का काम किया गया,कई प्रकार के अलग-अलग विचारों के माध्यम से एक ही देश के दो समाजों को विमुख करने का प्रयास किया गया। श्री शाह ने कहा कि अब एक भारत, श्रेष्ठ भारत की रचना करने का समय आ गया है और वो भारत की सांस्कृतिक एकता से ही हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने भारत की संस्कृति के दो शिखरों के बीच सेतु बनाकर कई दूरियों को समाप्त करने का काम किया है और यहीं से भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरूआत होने वाली है। साथियों इस कार्यक्रम के माध्यम से तमिलनाडु की कई कलाओं को काशी में मंच मिला है। उन्होंने कहा कि काशी - तमिल संगमम, आध्यात्मिक,सांस्कृतिक,वास्तुकला, साहित्य, व्यापार, शिक्षा,कला नृत्य, संगीत और भाषाओं के आदान-प्रदान का एक अद्भुत मंच बना है। भारत अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, बोलियों और कलाओं का देश है, लेकिन इसकी आत्मा एक है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में सारे देश जियोपॉलिटिकल कारणों से बने हैं, लेकिन भारत एकमात्र जियोकल्चरल, सांस्कृतिक और संस्कृति के आधार पर बना हुआ देश है। उन्होंने कि भारत एक भू-सांस्कृतिक देश है और हमारी एकात्मता का आधार हमारी संस्कृतियाँ हैं, पीएम ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों के बाद इन संस्कृतियों को जोड़ने का कार्य किया है, जो कभी समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा पीएम ने नई शिक्षा नीति में भाषा व संस्कृति के माध्यम से देश के आध्यात्मिक गौरव और ज्ञान परंपरा के साथ आधुनिक शिक्षा के जरिए भारत के छात्रों द्वारा विश्व पटल पर अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। हमारी अपनी भाषाएं और उनका गौरव इस नई शिक्षा नीति की आत्मा हैं, इसीलिए पीएम ने नई शिक्षा नीति में आग्रह से कहा कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होनी चाहिए। मंत्री महोदय नें तमिलनाडु सरकार से अनुरोध किया कि राज्य में मेडिकल, टेक्निकल और कानून की शिक्षा तमिल भाषा में सुनिश्चित करें, जिससे तमिल को और अधिक मजबूती मिले। शिक्षा मंत्री ने कहा, इस आयोजन के जरिए दो संस्कृतियों का मिलन हुआ। इस संगमम में काशी और तमिल का जुड़ाव तो हुआ ही साथ ही काशी और तमिलवासियों को बहुत कुछ सीखने का अवसर भी मिला। इससे काशीवासियों को तमिल भाषा, साहित्य एवं संस्कृति को आत्मसात करने का अवसर ?भी मिला है।श्री प्रधान ने कहा कि काशी तमिल संगमम की सफलता इसी से परिलक्षित होती है कि बीएचयू के ऐतिहासिक परिसर में दो लाख से अधिक लोग पहुंचे। वहीं लाखों लोग डिजिटल माध्यम से जुड़े रहे। कार्यक्रम में तमिलनाडु और काशी के 1500 से अधिक कलाकार, 300 से अधिक विशिष्ट अतिथि, 75 विशेषज्ञ वक्ता शामिल हुए। दुनिया भर के देशों के अस्तित्व की रचना का अभ्यास करने वाले पंडित कहते हैं कि भारत एकमात्र देश है जो संस्कृति के आधार पर बना देश है। हमारे देश की एकात्मकता का आधार हमारी संस्कृतियां हैं।

चीन पर घटानी ही होगी भारत की आत्मनिर्भरता

आर.के. सिन्हा

भारत के जांबाज सैनिकों ने पिछली 09 दिसंबर को चीन के गले में अंगूठा डाल दिया था। बात-बात पर धौंस जमाने वाले चीन को गलवान के बाद भारत ने तवांग में उसकी कायदे से अपनी औकात समझा दी। भारतीय सैनिकों ने चीनियों की कसकर भरपूर धुनाई की। लेकिन तवांग में चीन ने जो कुछ देखा वो तो महज एक झांकी है। जरूरत पड़ी तो भारत कसकर चीन को कसने के लिए तैयार है। पर यह कहना होगा कि भारत और चीन के बीच की जंग दुनिया की सबसे कठिन जंग होगी। दोनों देशों ने आपस में समझौता कर रखा है कि बंदूक तो बंदूक कोई तलवार तक नहीं निकालेगा म्यान से। हां गदा युद्ध हो सकता है। मल्ल युद्ध हो सकता है। 1967 में में नाथूला की जंग में चीन के चार सौ से अधिक सैनिक मारे गए थे तब से चीन बंदूकबाजी से डरता है और भारत तो हमेशा से उदारमना है ही। गौतम बुद्ध और गांधी का देश भारत तो किसी से खुद तो पंगा लेता ही नहीं है। दूसरी तरफ मैकमोहन रेखा को चीन स्वीकार नहीं करता है। वैसे भी 1962 के बाद से चीन मैकमोहन रेखा के इस पार ही डटा हुआ है। अब तक लाइन ऑफ कंट्रोल (एलएसी), जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा भी कहते हैं, पर भी सहमति नहीं बन पाई है। एलएसी का मतलब ही है वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी जो जब जहां नियंत्रण कर ले। अब भारत क्या करे? भारत ने भी गलवान की घटना के बाद नुकीली गदा बना ली हैं। चीनी कंटीले तार वाले डंडे लेकर आते है और भारतीय लंबी गदा। दुर्योधन और भीम की तरह युद्ध होता है। फिर बाकायदा फ्री स्टाइल कुश्ती भी होती है। भारत ने अपने लंबे तगड़े जाट, सिख और राजपूत लगा रखे हैं जो मल्ल युद्ध में चीनियों को फुटबॉल बना देते हैं। कभी-कभी पत्थरबाजी भी होती है। यह पाषाणकालीन युद्ध का एक आधुनिक नमूना है। अब मीडिया तमाम मिसाइलें और राफेल की एक्सरसाइज दिखा रहा है, जिनका कोई मतलब नहीं है सिवाय नागरिकों का मनोबल ऊंचा करने के। जब गोली नहीं चला सकते तो मिसाइल कौन चलाएगा। तो मानकर चलिए अभी भारत-चीन के बीच सरहद पर शांति की उम्मीद तो एक दूर की ही संभावना है। इसी तरह से सीमा विवाद भी हल होने में न जाने कितने साल या दशक लग जाएं। चीन हमारी डिप्लोमेसी की परीक्षा लेता ही रहेगा। हमें धैर्य से चलना होगा और हौल-हौले कदम बढ़ाने होंगे, एक दम वैसे ही जंगल में बाघ चलता है। लेकिन, जब जरूरत पड़े तो बाघ वाली छलांग भी लगनी होगी। चीन, भारत के लिए किसी असाध्य रोग से कम नहीं है। हमारी सुरक्षा के लिहाज से सबसे बड़ा खतरा है चीन। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने एक बार कहा था कि भारत के लिए चीन सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा बन गया है और हजारों की संख्या में सैनिक और हथियार, जो देश ने हिमालय की सीमा को सुरक्षित करने के लिए भेजे थे, लंबे समय तक बेस पर वापस नहीं लौट सकेंगे। जनरल रावत ने चीन को लेकर कुछ ऐसा कहा कि चीन को बहुत कष्ट हुआ। तिलमिलाए चीन ने रावत के बयान पर कहा- ह्यभारत बिना किसी कारण के तथाकथित चीनी सैन्य खतरे पर अटकलें लगाता है, जो दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन का गंभीर उल्लंघन है। चीन को लेकर भारत के दो रक्षामंत्री भी देश को आगाह कर चुके हैं। जॉर्ज फर्नांडीस ने चीन को भारत का सबसे बड़ा दुश्मन बताया था। पोखरण-2 परमाणु परीक्षण के बाद तत्कालीन एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस ने दावा किया था कि भारत का चीन दुश्मन नंबर वन है। उनके अलावा पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव भी मानते थे कि भारत का पाकिस्तान से बड़ा दुश्मन चीन है। मुलायम सिंह यादव ने साल 2017 में डोकलाम विवाद के बाद लोकसभा में कहा था कि भारत के लिए सबसे बड़ा मसला पाकिस्तान नहीं, बल्कि चीन है। भारत की चीन से अपने सभी मसलों को प्रेम से सुलझाने की कोशिश के बावजूद चीन सुधरने का नाम ही नहीं लेता। सच में बहुत ही बड़ा धूर्त देश है चीन। दुनिया को कोरोना से तबाह करने वाले देश से आप कोई मानवीय सोच की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। तो भारत क्या करे? भारत को चीन से अपनी निर्भरता खत्म करनी होगी।

जनतंत्र खत्म होने की कीमत

सर्वमित्रा सुरजन

राजशाही के सैकड़ों-हजारों बरसों आम लोग गुलामों की तरह ही रहे, मानवाधिकारों के अधिकतर पहलुओं से वंचित। आम जनता पढ़ सकती है या नहीं। कौन सा व्यवसाय किसके लिए है। कौन धार्मिक अनुष्ठानों का हकदार है, कौन नहीं। किसी सभा का सदस्य कौन बन सकता है, कौन नहीं। न्याय का हक किन लोगों के पास है। ऐसे तमाम बुनियादी अधिकारों के लिए भी राजशाही की कृपा पर लोग निर्भर रहते थे। गुजरात में विधानसभा चुनावों में मिली जीत के बाद 12 तारीख को भूपेंद्र पटेल ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यही सामान्य राजनैतिक प्रक्रिया है कि जब कोई दल बहुमत हासिल करता है, तो फिर उसके विधायक सर्वसम्मति से अपना एक नेता चुनते हैं, जो मुख्यमंत्री बनाया जाता है। पद संभालने के लिए शपथग्रहण की प्रक्रिया भी तय है और उसी मुताबिक भारत के विभिन्न राज्यों में निर्वाचित सरकारों के मुख्यमंत्री शपथ लेते आए हैं। बदलते वक्त के साथ शपथग्रहण समारोह भव्य से भव्यतम होने लगे। इन्हें शक्तिप्रदर्शन का जरिया बनाया जाने लगा। जिस राज्य में जितना अधिक बहुमत मिले, उस राज्य में उतने बड़े पैमाने पर शपथग्रहण के तामझाम होने लगे। चुनाव जीतने के लिए पहले प्रचार में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, उसके बाद जीत मिल गई, तो उसका उत्सव मनाने के लिए बेदर्दी से करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन जब जनता के हितों का सवाल आए, तो बजट का रोना रोया जाता है।

फटाफट खबरें

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की दिए जानकारी

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक-अनुगम सृष्टि अवस्थी ने बताया कि उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० लखनऊ के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे पं० दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, स्वच्छकार योजना एवं अनुविनि योजनान्तर्गत अधिदेय ऋणों की वसूली हेतु ह्यह्यनवीन एकमुश्त समाधान योजनाह्लह्ल(ओ०टी०एस०) में 15 दिसम्बर 2022 से 30 जून 2023 तक बढ़ाया है। स्वतः रोजगार योजना व स्वच्छकार योजनाओं में ऋण ग्रहीता से परियोजना हेतु स्वीकृत ऋण की धनराशि पर निर्धारित ऋण वसूली अवधि (स्वतः रोजगार योजना व स्वच्छकार योजना में 36 माह एवं अनुविनि की योजना में 60 माह देय किश्त) का ही साधारण ब्याज लिया जाएगा। शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि/दण्ड ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने संदर्भित योजनान्तर्गत निगम के ऋण बकायेदारों को सूचित किया है। कि वह बकाया कर्जा जमा करने का लाभ प्राप्त करने हेतु निगम के जनपदीय कार्यालय (330 सिविल लाइन्स उन्नाव निकट पी० डब्लू० डी० डाक बंगले के सामने वाली गली) अथवा विकास खंड कार्यालय पर तैनात सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से संपर्क कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

आर. एन द्विवेदी बेहटा मुजावर थाने का लिया चार्ज

अखंड भारत संदेश

उन्नाव बांगरमऊ । बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के थाना बेहटा मुजावर में आर एन द्विवेदी अब चार्ज संभालेंगे। आर. एन. द्विवेदी पहले उन्नाव के थाना मांखी में दरोगा के पद पर कार्यरत थे। अब वही जिम्मेदारी बेहटा मुजावर थाने में भी निभाएंगे। आर एन द्विवेदी अपनी कार्य कुशलता, निष्पक्ष जांच, ईमानदारी से ड्यूटी निभाने के लिए जाने जाते हैं। द्विवेदी जी एक बात के लिए और भी जानें जातें वह किसी के दबाव में कभी काम नहीं करते। बेहटा मुजावर में तैनाती की बात जब लोगों को पता हुई। तो आम जनमानस में खुशी का माहौल है। इस दौरान उनके सम्मान में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

लोगों से अच्छा बर्ताव कर निपटायें समस्या: एसपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मानिकपुर थाने का औचक निरीक्षण कर कार्यालय के रजिस्टरों को देखकर दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मानिकपुर थाने के औचक निरीक्षण में महिला हेल्पडेस्क में आगन्तुक रजिस्टर को देखकर ड्यूटी में मौजूद महिला सिपाही को निर्देश दिये। उन्होंने बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम, पैदल गश्त एवं रात्रि गश्त को प्रभावी करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक ने थाने आने वाले आगन्तुकों के साथ अच्छा बर्ताव करने के खासतौर पर निर्देश दिये। कहा कि लोगों की समस्या सुनकर तत्काल निस्तारण करें। निरीक्षण में उनके साथ सीओ मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय, थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार, चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

डीएम-एसपी ने फरियादियों को सुनकर देखे बूथ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में मानिकपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये गये। शनिवार को डीएम-एसपी ने तहसील मानिकपुर सभागार में फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में पुलिस एवं राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर शिकायतों का निस्तारण करायें। इसी क्रम में डीएम-एसपी ने नगर पंचायत मानिकपुर के मतदान केन्द्र आदर्श इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय भाग एक व दो तथा कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर बूथों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ईओ नगर पंचायत रामआशीष वर्मा को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों के बूथों में रैम्प नहीं बने हैं, तत्काल बनवायें। विद्यालयों की अच्छे ढंग से सफाई करायें। प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा, विद्युतीकरण, शौचालय, पेयजल आदि को देखा। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में चार मतदान केन्द्रों में 14 बूथ बनाये जाते हैं। कुल मतदाता 14279 हैं। डीएम ने एसडीएम व ईओ से कहा कि नगर निकाय चुनाव को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में व्यवस्थायें चैकस की जायें। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ शीतला प्रसाद पाण्डेय, बीएसए लवप्रकाश यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, तहसीलदार मानिकपुर विवेक कुमार मौजूद रहे।

भागवत कथा में नैसर्गिक सौंदर्य-मन्दाकिनी बचाने की होगी चर्चा: नवलेश दीक्षित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भागवत कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि विश्व के कल्याण का एक मात्र माध्यम श्रीमद्भागवत है। सनातन धर्म से जुडे लोग मंदाकिनी नदी व कामदगिरि पर्वत का संरक्षण करें। प्रवचन के जरिए जल संचय की भावना जन-जन तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य होगा। चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट न कर गौवंशों का संरक्षण किया जाये।

शनिवार को भागवत कथा व्यास नवलेश दीक्षित पत्रकारों से श्रीजी होटल में रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि 19 दिसम्बर से शुरू हो रही श्रीमद्भागवत अष्टोत्तर शत आयोजन विश्व कल्याण का एक मात्र माध्यम श्रीमद्भागवत है। हर समस्या का समाधान इसमे है। यह व्यक्ति को जीवन जीने का सही तरीका बताती है। श्रीमद् अष्टोत्तर शत का आयोजन चित्रकूट की धरती पर तीसरी बार हो रहा है।

आयोजन की रूपरेखा बताते हुए कहा कि रविवार को सवेरे आठ बजे से श्रीकामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर स्थित बरहा हनुमान जी से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें भाग लेने को देश भर से श्रद्धालु आ चुके हैं। यह शोभायात्रा भगवान कामदगिरि का परिक्रमा कर जगनिवास पहुंचेगी। यहां पर श्रीरामार्चा जी का पूजन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर के समय

श्रीमद्भागवत जी को श्रीजी होटल लाया जाएगा और मुख्य भागवत पीठ के साथ ही समस्त 108 वेदियों का पूजन होगा। सोमवार से प्रतिदिन एक बजे से श्रीमद्भागवत की तात्विक मीमांशा की जाएगी।

कथा में इस बार चित्रकूट धाम के नैसर्गिक सौंदर्य और मंदाकिनी की शुचिता संबंधित मुद्दों को भी उठाया जायेगा। विश्व शांति के लिए यह आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने का काम कानपुर के ज्योर्तिविद व कर्मकांडाचार्य गौरव शुक्ल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संगीत विभागाध्यक्ष राजा पांडेय, कर्मकांडाचार्य विनोद शुक्ल, वृन्दावन से मूल पाठ करने के लिए चंद्रिका प्रसाद, अशोक दीक्षित, अनिल दीक्षित का योगदान रहेगा। इस दौरान आयोजन समिति के राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

उन्नाव की पुरवा तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

उन्नाव। तहसील पुरवा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम श्रीमती अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा जन समस्याएं सुनीं गयीं। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की कुल 113 शिकायतें सुनीं। जिसमें से मात्र 7 शिकायतों काही मौके पर निस्तारण किया जा सका। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यह ध्यान अवश्य रखें, कि शिकायत

कर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट रहे। शिकायत कर्ता के असंतुष्ट होने पर ही शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा। निस्तारण करते समय शिकायत कर्ता से जरूर सम्पर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनको बिना किसी विलम्ब के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराना सुनिश्चित किया जाए। जो भी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतेगा उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को लेकर उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों पर निर्भर न रहें।

डॉक्टरों ने वृद्धजनों को बांटे कम्बल-गर्म कपडे.

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट । जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ वृद्धाश्रम विनायकपुर पहुंचकर वृद्धों को कम्बल एवं गर्म वस्त्र बांटे। जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल एसोसिएशन का कार्य सराहनीय है। सभी को बधाई देते हुए कहा कि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लेंगे।

शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जिलाधिकारी की अगुवाई में वृद्धजनों की सेवा का मौका मिला है। एसोसिएशन गरीब एवं असहाय लोगों की मदद करता रहेगा। एसोसिएशन के डॉ सुधीर अग्रवाल ने कहा कि वृद्धजनों के बीच पुण्य के कार्य की अनुभूति होती है।

इसके पहले जिलाधिकारी ने देहाती ग्रामोत्थान सेवा संस्थान के लोगों को निर्देश दिये कि वृद्धजन जहां पर रात में सोते हैं, वहां पर्दा आदि की व्यवस्था कर-के गर्म हीटर भी लगाया जाये। किसी वृद्ध को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर डॉ महेन्द्र गुप्ता, डॉ प्रबोध अग्रवाल, डॉ शशांक अग्रवाल, डॉ पीडी चैधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

किसानों से ठगी करने वाले को क्यों बचा रही पुलिस?

महाठग विनोद पटेल कोतवाल की सह पाकर हो गया मगरुर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। किसानों को झूंठी आशा दिलाने वाले फर्जी बालकृष्ण बायो प्लांटेक कम्पनी के डायरेक्टर विनोद पटेल को कर्वी कोतवाल एके मिश्रा की सह क्या मिली, वह खासा मगरुर होकर सफेद झूंठ बोलने लगा है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय ने बालकृष्ण बायो प्लांटेक के खाते में 56900 रुपये दिये हैं, जबकि महाठग विनोद पटेल कहता है कि ये धनराशि मार्केटिंग मैनेजर धर्मेन्द्र द्विवेदी ने फर्जी फोन पे खाते में जमा कराये हैं।

शनिवार को फर्जी कम्पनी के तथाकथित डायरेक्टर विनोद पटेल की महाठगी की परत दर परत खुल रही हैं। महाठग विनोद पटेल ने कर्वी कोतवाल एके मिश्रा के सामने पहले तो हाईकोर्ट के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन को धनराशि वापस करने की बात कही। अब उसे कर्वी कोतवाल की सह मिल गई तो कहता है कि कम्पनी खाते में कोई धनराशि नहीं मिली है। कोतवाल की सह मिलने से वह खासा मगरुर होकर सफेद झूंठ बोलने पर आमादा है। किसानों को झूंठी आशा देकर कि महोगनी के पेड से

किसानों को भारी आमदनी होगी, जबकि रुपये लेने के बाद किसानों के फोन तक नहीं उठाता। भरतपुरी मोहल्ले के राजेन्द्र पटेल ने बताया कि उससे फर्जी कम्पनी के लोग बडे-बडे सब्जबाग दिखाकर दस हजार रुपये ठग ले गये हैं। अब कोई फोन नहीं उठाता है। इस महाठग विनोद पटेल के खिलाफ आखिर पुलिस रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कर रही। इसके पीछे वह कौन से कारण हैं कि पुलिस कोई कारण भी नहीं बता रही। जनता को लूटने को पेड लगाने के नाम पर चल रही ठग कम्पनी के खिलाफ पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। यहां तक कि कम्पनी में काम करने को लोगों को बहला-फुसलाकर ले जाता है। फिर उनसे ठगी करवाता है। ठगी का काम न करने वाले युवकों के मना करने पर उन पर धनराशि हडपने का आरोप लगाकर कानूनी कार्यवाही की चेष्टा करता है। इसी का शिकार हुए मार्केटिंग मैनेजर धर्मेन्द्र द्विवेदी पुत्र जनार्दन द्विवेदी निवासी दिघवट थाना चिल्ला जिला बांदा पर चार लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है, जबकि इन रुपयों का कोई हिसाब विनोद पटेल के पास नहीं है।

भाजपाइयों ने जुलूस निकाल फूंका पाकिस्तानी पीएम का पुतला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा की निकाय चुनाव की बैठक जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि/प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी देवेश कोरी की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद भाजपाइयों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया।

शनिवार को हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि देवेश कोरी ने कहा कि मोदी व योगी सरकार की अगुवाई में देश-प्रदेश का मान बढ रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बिलावल भुट्टो ने मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर भारत के 135 करोड लोगों का अपमान किया है। भारत के लोग भुट्टो की निन्दा करते हैं। भाजपा ने सभी जातियों, वर्गों को आगे बढाने का काम किया है। निकाय चुनाव में

भाजपा की शत-प्रतिशत जीत होगी। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि जिताऊ कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया जायेगा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पाकिस्तान अपनी औकात भूल रहा है। पाकिस्तान पागलों का देश है। बिलावल भुट्टो का बयान उसी पागलपन का उदाहरण है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी की प्रतिभा से पाकिस्तान परेशान है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पाकिस्तान की ईंट सें इंट बजा दी जायेगी। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि बिलावल ने मोदी का नहीं भारत के पीएम के अपमान की कुटिल चेष्टा की है। भारत का प्रत्येक नागरिक आहत है। संचालन महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया। बैठक के बाद भाजपाइयों ने जुलूस की शक्ल में मुख्यालय के ट्राफिक चैराहा पहुंचकर पाकिस्तान प्रधानमंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला जलाया। इस मौके पर पंकज अग्रवाल, बृजेश पाण्डेय, आनन्द पटेल, महेन्द्र कोटार्य, बिपुल सिंह, हरीओम करवरिया, राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, भागवत त्रिपाठी, बाबूलाल पटेल, शंकर निषाद, रामबाबू गुप्ता, जगदीश गौतम, शिवाकान्त पाण्डेय, रविप्रकाश त्रिपाठी समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

सिंचाई विभाग ने नहर की पटरी पक्की कराकर किया सराहनीय कार्य: सांसद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल ने सिंचाई प्रखण्ड कर्वी की पयश्वनी मुख्य नहर के किमी 0.650 से 4.020, किमी 8.300 से 9.600 तथा किमी 10.500 से 17.150 तक गड्ढ़ामुक्त के तहत सर्विस रोड के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

शनिवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने पयश्वनी मुख्य नहर के गड्ढ़ामुक्त सर्विस रोड के नवीनीकरण का शिलान्यास करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को पानी, सडक पर काफी जोर दिया है। लोगों को बीस साल से पानी नहीं मिल रहा था। सिंचाई विभाग ने अच्छा कार्य कर नहर की अच्छे से सफाई कर किसानों को टेल तक पानी पहुंचाया है। पयश्वनी नहर की पटरी पक्की होने से बनकट से लेकर कुचारम तक जनता के लिए लाभकारी है। सिंचाई मंत्री की अगुवाई में तमाम परियोजना बनाकर सिंचाई विभाग अच्छा कार्य कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने जनता को भरोसा देते हुए कहा कि कोई भी समस्या हो तो उनका मोबाइल फोन 24 घंटे खुला रहता है। कभी भी फोन से समस्या बता सकते हैं। कुचारम की प्रधान श्रीमती प्रतिभा देवी ने चैरा और देवल गांव जाने वाली नहर पटरी को पक्का करने की मांग की। सांसद ने अगले वित्तीय वर्ष में सिंचाई विभाग से कार्य कराने का भरोसा दिया।

इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने विभाग की कार्य योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक अभियंता गुरु प्रसाद, जूनियर इंजीनियर जयप्रकाश, देवेन्द्र शुक्ला, अजय कुमार, नरेन्द्र कुमार तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष व प्रधान देवल, प्रधान पथरामानी, प्रधान बरवारा, चिल्ला, कलवारा, परसौंजा समेत सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कछवांरोड। मिजार्मुराद पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चले रहे दो अभियुक्तों को गुरुवार की रात गिरफ्तार कर के जेल भेज दी।

थाना प्रभारी मिजार्मुराद राजीव कुमार सिंह ने बताया की क्षेत्र की एक विवाहिता ने बीते 20 अगस्त को दो लोगो के खिलाफ 376, 506, 120इ सहित अन्य धराओं में मुकदमा दर्ज कराई थी तभी से दोनो आरोपियों की तलाश जारी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ गुरुवार की रात भैंसा बार्डर स्थित वेल्डिंग की दुकान के पास से गुड़िया गांव निवासी मिठाई लाल प्रजापति व बब्बन प्रजापति को गिरफ्तार कर

के शुक्रवार की सुबह जेल भेज दिए।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के साथ चौकी प्रभारी कछवांरोड अतुल कुमार अंजान, कांस्टेबल प्रदीप मौर्या व आशुतोष सिंह सहित आदि लोग रहे।

पत्रकारों के सस्पेंड हुए Twitter अकाउंट्स होंगे रिस्टोर, मस्क ने ट्विटर पोल के जरिये लोगों से मांगी राय

वाशिंगटन। ट्विटर इंक ने अपस्टार्ट प्रतिद्वंद्वी सेवा मास्टोडन और सोशल नेटवर्क के अरबपति मालिक एलन मस्क को कवर करने वाले कई प्रमुख पत्रकारों के अकाउंट को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इन्हें फिर से बहाल करने पर वाला है। एलन मस्क ने 17 दिसंबर को कहा कि वह उन पत्रकारों के निलंबित ट्विटर खातों को फिर से बहाल कर देंगे। उनका फैसला एक ट्विटर पोल पर आधारित था जहां उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें निलंबन कब हटाना चाहिए।

मतदान करने वाले कुल 3.6 मिलियन में से 58.7फीसदी ने 'अब' चुना। मस्क ने सीएनएन, द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स और द इंडिपेंडेंट सहित जाने-माने प्रकाशनों के पत्रकारों के ट्विटर खातों को उनकी आलोचना करने के लिए निलंबित करने के कुछ ही घंटों बाद येकदम उठाया। मस्क ने ट्विटर पर लिखा, प्रेस द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नए प्यार को देखना प्रेरणादायक है।इससे पहले ट्विटर ने वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, मैशेबल और सीएनएन सहित प्रकाशनों के पत्रकारों को ब्लॉक के रूप में लिस्टेड किया गया और उनके ट्वीट भी अब दिखाई नहीं दे रहे। कंपनी के स्टैंडर्ड नोटिस में कहा गया था कि ऐसा ÷ट्विटर नियमों का उल्लंघन करने वाले खातों को सस्पेंड करने के

लिए किया जाता है। इस बारे में न्यूयॉर्क टाइम्स के रिपोर्टर रेयान मैक ने नए अकाउंट से ट्वीट करते हुए कहा कि मुझे कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। मेरे पास निलंबन के कारण के बारे में कंपनी से कोई ईमेल या संचार नहीं आया। उन्होंने ऐप से एक स्क्रीन ग्रैब पोस्ट करते हुए कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। 'मैं एलन मस्क और उनकी कंपनियां व ट्विटर पर रिपोर्ट करता हूं और मैं ऐसा करना जारी रखूंगा।इससे पहले ट्विटर ने वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, मैशेबल और सीएनएन सहित प्रकाशनों के पत्रकारों को ब्लॉक के रूप में लिस्टेड किया गया और उनके ट्वीट भी अब दिखाई नहीं दे रहे।

कंपनी के स्टैंडर्ड नोटिस में कहा गया था कि ऐसा 'ट्विटर नियमों का उल्लंघन करने वाले खातों को सस्पेंड करने के लिए किया जाता है। इस बारे में न्यूयॉर्क टाइम्स के रिपोर्टर रेयान मैक ने नए अकाउंट से ट्वीट करते हुए कहा कि मुझे कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। मेरे पास निलंबन के कारण के बारे में कंपनी से कोई ईमेल या संचार नहीं आया। उन्होंने ऐप से एक स्क्रीन ग्रैब पोस्ट करते हुए कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। 'मैं एलन मस्क और उनकी कंपनियां व ट्विटर पर रिपोर्ट करता हूं और मैं ऐसा करना जारी रखूंगा।

अमेरिका के टेक्सास में आया अबतक का सबसे शक्तिशाली भूकंप, 5.4 की रही तीव्रता

मिडलैंड (अमेरिका)। टेक्सास के इतिहास में सबसे शक्तिशाली भूकंपों राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में शाम को आया, जहां तेल और फ्रैकिंग गतिविधि होती है। क्षति या चोट की कोई तत्काल रिपोर्ट नहीं आयी लेकिन इस भूकंप ने लोगों के दिलों में डर पैदाकर दिया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.4 थी और यह स्थानीय समयानुसार शाम 5ः35 बजे आया। यह लगभग 9 किलोमीटर की गहराई के साथ मिडलैंड के उत्तर-पश्चिम में लगभग 22 किलोमीटर की दूरी पर केंद्रित था। अमेरिका में टेक्सास राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 5.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए जो इतिहास के सबसे जोरदार भूकंप के झटकों में से एक रहा। अभी किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण

(यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी और यह स्थानीय समयानुसार पांच बजकर 35 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र मिडलैंड से 22 किलोमीटर दूर उत्तर-उत्तरपश्चिम में जमीन से करीब नौ किलोमीटर की गहरायी में स्थित था। मिडलैंड में राष्ट्रीय मौसम सेवा कार्यालय ने पहले ट्वीट कर चेतावनी दी थी कि यह टेक्सास राज्य के इतिहास में चौथा सबसे शक्तिशाली भूकंप होगा। यूएसजीएस के कोलराडो में राष्ट्रीय भूकंप सूचना केंद्र की भूभौतिकीविद जेना पर्सली ने कहा कि भूकंप के झटके 1,500 से अधिक लोगों ने महसूस किए। उन्होंने कहा कि भूकंप के बाद कम तीव्रता का भूकंप का एक और झटका महसूस किया गया।

5.4 की तीव्रता से हिली धरती एजेंसी ने पहले इसे अपडेट करने से पहले 5.3 का प्रारंभिक परिमाण जारी किया था। अंतरिम में, मिडलैंड में राष्ट्रीय मौसम सेवा के कार्यालय ने ट्वीट किया कि यह टेक्सास राज्य के इतिहास में चौथा सबसे शक्तिशाली भूकंप होगा।÷ कोलोराडो में यूएसजीएस के राष्ट्रीय भूकंप सूचना केंद्र में भूभौतिकीविद् जन पर्सले ने कहा कि एजेंसी द्वारा प्राप्त शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, टेक्सास में अमरिलो और एबिलीन से कार्ल्सबैड, न्यू के पश्चिम तक बड़ी दूरी पर 1,500 से अधिक लोगों ने भूकंप महसूस किया था। यह उस क्षेत्र के लिए एक बड़ा भूकंप है, पर्सले ने कहा, ÷उस क्षेत्र में इस तरह की घटना को कुछ सौ मील तक महसूस किया जाएगा।

पाकिस्तान ने किया अफगानिस्तान के राजदूत को तलब, गोलीबारी की घटनाओं की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत को तलब करके चमन इलाके के निकट अफगान सैनिकों की ओर से 'बिना उकसावे' की गई गोलीबारी की हालिया घटनाओं की निंदा की। गोलीबारी की इन घटनाओं के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तालिबान शासकों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के चमन-स्पिन बोल्डक इलाके में अफगान तालिबान बलों की ओर से की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए।हाल के महीनों में ऐसी कई हिंसक घटनाएं और हमले हुए हैं, जिनके चलते पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तालिबान शासकों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। बृहस्पतिवार को हुई हिंसा एक



सप्ताह से भी कम समय में हुई इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले 10 दिसंबर को हुए इसी तरह के एक हमले में सात नागरिकों की मौत हो गई थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। पाकिस्तान ने अफगान सीमा सुरक्षा बलों की ओर से की गई अकारण गोलीबारी की हालिया घटनाओं की कड़ी निंदा की।' मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगान अधिकारी को बताया कि चमन-स्पिन बोल्डक इलाके में हुई गोलीबारी में जान-माल और संपत्ति को नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा, 'यह स्पष्ट किया जाता है कि नागरिकों की सुरक्षा दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है और इन घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जाना चाहिए।

दुनिया के महासागरों, झीलों, नदियों के मानचित्रण के लिए उपग्रह प्रक्षेपित

वाशिंगटन। अमेरिका से एक ऐसे उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया, जो दुनिया के लगभग सभी महासागरों, झीलों और नदियों का मानचित्रण करेगा। कैलिफ़ोर्निया स्थित वैंडेनबर्ग अंतरिक्ष बल प्रतिष्ठान से स्पेसएक्स रॉकेट के जरिए आज तड़के किए गए उपग्रह प्रक्षेपण के साथ साल 2022 अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए एक अत्यधिक सफल वर्ष रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़, सूखा और तटीय मृदा क्षरण की विकराल होती स्थिति के चलते 'सरफेस वाटर एंड ओशन टोपोग्राफी' (स्वोट) नामक इस उपग्रह की पहले से कहीं अधिक जरूरत है।अंतरिक्ष यान के अपना मिशन शुरू करने के साथ ही कैलिफोर्निया और फ्रांस स्थित नियंत्रण कक्षों में अभियान से जुड़े लोग खुशी से झूम उठे और उन्होंने तालियां बजाईं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कार्यक्रम प्रबंधक नाद्या विनोग्रादोवा-शिफर ने प्रक्षेपण के अवसर पर कहा, क्या शानदार, वास्तव में शानदार प्रक्षेपण है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, और मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। एसयूवी के आकार वाला उपग्रह पृथ्वी की सतह के 90 प्रतिशत से अधिक पानी की ऊंचाई को मापेगा, जिससे वैज्ञानिकों को प्रवाह का पता लगाने और संभावित उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी। यह लाखों झीलों के साथ-साथ उद्गम स्थल से मुहाने तक नदियों के 21 लाख किलोमीटर क्षेत्र का भी सर्वेक्षण करेगा। उपग्रह दुनिया के लगभग सभी महासागरों, झीलों और नदियों का मानचित्रण करेगा। कैलिफोर्निया के पासाडेना स्थित नासा की जेट प्रणोदन प्रयोगशाला में बेंजामिन हैमलिंगटन ने कहा, हम उन चीजों को देखने में सक्षम होने जा रहे हैं, जिन्हें हम पहले नहीं देख सकते थे ... और वास्तव में समझ सकते हैं कि किसी भी समय पानी कहां है।

लंदन में कंसर्ट स्थल पर भीड़ में कुचलकर कई लोग घायल

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी में एक कंसर्ट स्थल पर भीड़ में कुचलकर कई लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस ने कहा कि नाइजीरियाई गायक असेक की संगीत प्रस्तुति के दौरान 'ओ2 ब्रिक्सटन अकादमी' में घुसने की कोशिश कर रहे लोगों की भीड़ में फंसे आठ लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया, तथा दो अन्य घायलों का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रात तब हुई जब बड़ी संख्या में लोगों ने ''बिना टिकट'' कार्यक्रम स्थल पर जाने की कोशिश की।मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और अस्पताल में भर्ती कराए गए लोगों में से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने पूर्व में गंभीर रूप से घायल लोगों की संख्या चार बताई थी। कंसर्ट को तब रोक दिया गया जब एक प्रमोटर ने मंच पर जाकर दर्शकों को बताया कि लोगों ने दरवाजों को तोड़ दिया है। असेक ने इंस्टाग्राम पर घायलों के लिए संदेश पोस्ट करते हुए कहा, मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

लंदन के मेयर सादिक खान ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह परेशान करने वाला है कि लंदन जैसे शहर में ऐसा हो सकता है। पुलिस ने कहा कि इस दौरान एक अधिकारी पर हमला करने के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। दक्षिण लंदन में ब्रिक्सटन अकादमी शहर के सबसे प्रसिद्ध संगीत स्थलों में से एक है। 1920 के दशक में एक मूवी थिएटर के रूप में निर्मित इस अकादमी की क्षमता 5,000 से कम है।

फ्रांस के लियॉन शहर की रिहायशी इमारत में आग, पांच बच्चों समेत दस की मौत

पेरिस। फ्रांस के लियॉन शहर की एक रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग जानलेवा बन गयी। आग की चपेट में आकर पांच बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गयी। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के लियॉन शहर के वाउलक्स- एन-वेलिन क्षेत्र में सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां एक रिहायशी इमारत में अचानक तेज आग लग गयी। उक्त इमारत सात मंजिलों की है। आग की लपटें काफी दूर-दूर तक देखी गयीं। आग बुझाने के लिए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी किन्तु जब

अग्निशमन दल पहुंचता, वहां स्थिति भयावह हो चुकी थी। आग की चपेट में आकर दस लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में पांच बच्चे शामिल हैं। हादसे की जानकारी देते हुए लियॉन और रोन क्षेत्र के स्थानीय प्राधिकरण की ओर से कहा गया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर 170 दमकलकर्मियों की टीम मौजूद है। आग लगने वाली जगह पर सुरक्षा घेरा बना दिया गया है।

घटना से पूरे देश में हड़कंप मच गया। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डरमानिन ने बताया कि स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मरने वाले पांच बच्चों की उम्र 15 साल से कम थी।

इनके अलावा पांच अन्य लोगों की मौत हो चुकी है। कम से कम दस लोग गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से चार की हालत अत्यधिक गंभीर है। उन्होंने बताया कि इस समय बचाव कार्य पर पूरा जोर है। बचाव कार्य पूरी तरह समाप्त होने के बाद इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने भी घटना पर दुख जाहिर करते हुए गृह मंत्री से बात की है। उन्होंने मामले की जांच कराने के आदेश भी दिए हैं।

भारत-नेपाल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का हुआ शुरु

अररिया/काठमांडू। नेपाली सेना और भारतीय सेना द्वारा संयुक्त सैनिक अभ्यास की शुरुआत नेपाल के रुपन्देही जिले के सालझण्डी स्थित नेपाली सैनिक ब्याटल स्कूल मे की गई। मध्य पश्चिम पृतना हेडक्वार्टर के पृतनापति उपरथी याम प्रसाद ढकाल ने एक विशेष कार्यक्रम में संयुक्त अभ्यास का उद्घाटन किया।

भारत-नेपाल के बीच सैन्य अभ्यास को 'सूर्य किरण' नाम दिया गया है। जो 14 दिनों तक चलेगा। इस सैन्य अभ्यास में

आपातकाल के समय बचाव कार्य, स्वास्थ्य उपचार और विद्रोह तथा आतंकवाद जैसे विषय को समावेश किया गया है।इस संयुक्त सैन्य अभ्यास में नेपाली सेना के तरफ से प्रमुख सेनानी विमल कुमार वाग्ले के नेतृत्व में 344 सैनिक व भारतीय सेना के तरफ से कर्नल हिमांशु बहुगुणा के नेतृत्व में 334 सैनिक सहभागी है । इससे पूर्व 15 वां भारतीय सेना और नेपाली सेना का संयुक्त अभ्यास सूर्य किरण पिथौरागढ मे सम्पन्न हुआ था। भारत-नेपाल के बीच वर्ष 2011 से 'सूर्यकिरण' नाम देकर संयुक्त सैनिक अभ्यास होता आ रहा है।एक वर्ष नेपाल और दूसरे वर्ष भारत में यह अभ्यास होता रहा है। लेकिन कोविड संक्रमण होने के बाद दो वर्ष तक स्थगित रहा था।

भारतीय-अमेरिकी लैब की संचालक मीनल पटेल मेडिकेयर घोटाले में दोषी

वाशिंगटन। अटलांटा के मेडिकेयर घोटाले में आरोपों का सामना कर रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक मीनल पटेल की कानूनी उलझन बढ़ गई है। मीनल पटेल को मेडिकेयर स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम से धोखाधड़ी कर आनुवंशिक जांच के 44.75 करोड़ डॉलर के घोटाले में दोषी ठहराया गया है। संघीय अभियोजकों के मुताबिक लैब सॉल्यूशंस एलएलसी की संचालक और मालकिन मीनल पटेल ने मरीजों के ब्रोकर, टेलीमेडिसिन कंपनियों और कॉल सेंटरों के साथ साजिश रच कर मेडिकेयर बीमा के लाभार्थियों को फोन करके झूठ बोला कि वे अपने बीमा के तहत कैंसर की महंगी आनुवंशिक जांच भी करा सकते हैं। न्याय विभाग के अनुसार कि जब मेडिकेयर के लाभार्थी जांच कराने के लिए राजी हो जाते तो पटेल टेलीमेडिसिन कंपनियों से जांच की मंजूरी देने वाले डॉक्टर के हस्ताक्षर वाले पर्चे हासिल करने के लिए मरीजों के ब्रोकर को रिश्वत देती थीं। फ्लोरिडा की एक संघीय अदालत ने मीनल पटेल को स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी, अमेरिका से धोखाधड़ी करने के लिए साजिश रचने, स्वास्थ्य देखभाल संबंधी रिश्वत लेने और देने तथा धनशोधन की साजिश रचने के आरोपों में दोषी ठहराया है।

रूस ने यूक्रेन पर दागीं 70 से ज्यादा मिसाइलें

कीव/मास्को। रूस-यूक्रेन युद्ध आक्रामक मोड़ पर है। कई देशों की अपील का भी रूस पर कोई असर नहीं पड़ा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने रुख पर अड़िग हैं।

रूस की सेना यूक्रेन में तबाही मचा रही है। रूस की सेना ने ताजा हमले में शुक्रवार को यूक्रेन पर ताबड़तोड़ 70 से अधिक मिसाइलें दागीं है।

युद्ध की शुरुआत के बाद यह सबसे बड़ा आक्रमण है। कीव समेत यूक्रेन के कई शहरों में आपातकालीन ब्लैक आउट किया गया है। यूक्रेन के अधिकारियों का दावा है कि मध्य कीव में एक अपार्टमेंट ब्लॉक मिसाइल की चपेट में आ गया। इससे तीन लोगों की और दक्षिण में खेरसॉन में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस आक्रमण के बीच एक वीडियो संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस के पास अभी भी हमलों के लिए पर्याप्त मिसाइलें हैं। उसका मुकाबला करने के लिए पश्चिमी सहयोगियों को कीव की और अधिक मदद करनी चाहिए। जेलेंस्की ने अधिक और बेहतर वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति करने का आग्रह किया है।

अंतर्राष्ट्रीय घोटाले का पर्दाफाश करने में CBI और दिल्ली पुलिस ने की अमेरिकी एजेंसी FBI की मदद

वाशिंगटन। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तकनीकी सहयोग मुहैया कराने के बहाने करीब 10 साल में हजारों अमेरिकियों, विशेषकर बुजुर्गों को ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने में अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की मदद की है। सीबीआई और दिल्ली पुलिस ने इस सप्ताह नयी दिल्ली के हर्षद मदान (34) और फरीदाबाद निवासी विकास गुप्ता (33) को गिरफ्तार किया। नयी दिल्ली निवासी तीसरा आरोपी गगन लांबा (41) अभी फरार है। जगन का भाई जतिन लांबा भी पुलिस की हिरासत में है। इन सभी पर दूरसंचार या इंटरनेट सेवा (वायर) और कंप्यूटर का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। अमेरिका के अटॉर्नी फिलप आर सेलिंगर ने एक बयान जारी कर इस घोटाले का भंडाफोड़ करने में उनकी सहायता करने के लिए सीबीआई और दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया। भारतीय-अमेरिकी मेघना कुमार (50) ने इस मामले में इस सप्ताह अपने आरोप स्वीकार किए थे।ओंटारियो निवासी 33 वर्षीय जयंत भाटिया को कनाडा के प्राधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क में रिचमंड हिल के निवासी 34 वर्षीय कुलविंदर सिंह पर धनधोशन और निर्दिष्ट गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति से जुड़े मौद्रिक लेन-देन में शामिल होने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इन सभी भारतीय और भारतीय मूल के लोगों पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने वैश्विक स्तर पर एक हाई-टेक जबरन वसूली योजना चलाने के लिए लोगों के निजी कंप्यूटर तक पहुंच का इस्तेमाल किया।

सेलिंगर ने कहा कि वे अक्सर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते थे। संघीय अभियोजकों ने कहा कि वे पहले पीड़ितों को यह विश्वास दिलाते थे कि

उनके निजी कंप्यूटर में मालवेयर या किसी वायरस का हमला हुआ है। इसके बाद, वे उन्हें फर्जी कंप्यूटर मरम्मत सेवाओं के लिए उन्हें सैकड़ों या हजारों डॉलर का भुगतान करने के लिए राजी करते थे। संघीय अभियोजकों ने कहा कि इस तरह आरोपियों ने कम से कम 20,000 पीड़ितों से एक करोड़ डॉलर से अधिक वसूले।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

देश की जरूरत पूरी करने लायक खाद्यान्न का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

नई दिल्ली। देश में चावल और गेहूं के आटा की बढ़ती कीमतों के बीच सरकार ने साफ किया है कि जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल के तहत पर्याप्त खाद्यान्न स्टॉक मौजूद है, जो 138 लाख टन गेहूं और 76 लाख टन चावल के तय बफर मानदंडों से बहुत ज्यादा है। केंद्र सरकार नियमित रूप से खाद्य समाग्री की कीमतों की निगरानी कर रही है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि 15 दिसंबर तक केंद्रीय पूल में करीब 180 लाख टन गेहूं और 111 लाख टन चावल का स्टॉक उपलब्ध है।